भाद्र मास, कृष्ण पक्ष 20 वर्ष, अंक 271 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शनिवार 25 सितम्बर 2021

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस हजार वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

स्वामी श्री योगी सत्यम्

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

# दिल्ली के रोहिणी कोर्ट में दिनदहाड़े फायरिंग, कुख्यात बदमाश गोगी की मौत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राजधानी दिल्ली की हाई सिक्योरिटी वाली रोहिणी कोर्ट में दिनदहाड़े फायरिंग की वारदात हुई है। इस फायरिंग में कुख्यात बदमाश गोगी मारा गया है।

पुलिस ने भी बदमाशों की फायरिंग का जवाब दिया और दोनों को मार गिराया। रोहिणी कोर्ट में दो हथियारबंद बदमाश वकील के वेश में आए थे और इसके चलते ही उन्हें पहचाना नहीं जा सका। कहा जा रहा है कि ये लोग कुख्यात बदमाश गोगी को ही मारने के लिए आए थे। पुलिस सूत्रों के मुताबिक



टिल्लू ताजपुरिया गैंग ने वकील की ड्रेस में गोगी पर हमला किया था। इस घटना से कोर्ट की सुरक्षा, जांच की प्रक्रिया को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। अदालत परिसर के भीतर इस तरह की घटना ने खौफनाक मंजर पेश किया है। दिल्ली पुलिस गैंगस्टर जितेंद्र मान 'गोगी' को लेकर एक मामले की सुनवाई के लिए रोहिणी कोर्ट आई थी। इसी दौरान वकील की ड्रेस में आए दो बदमाशों ने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दोनों बदमाशों को ढेर कर दिया। वहीं गोगी को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। जितेंद्र गोगी के खिलाफ हत्या और लूट समेत कई संगीन आपराधिक मामले दर्ज थे। वह तिहाड़ जेल में बंद था, जहां से उसे एक मामले की सुनवाई के लिए कोर्ट में पेशी के लिए लाया गया था। इसी दौरान उससे रंजिश रखने वाले टिल्लू ताजपुरिया गैंग के दो बदमाशों ने फायरिंग कर दी, जो वकील के वेश में आए हुए थे।

दिल्ली पुलिस के कमिश्नर राकेश अस्थाना ने घटना की जानकारी देते हुए बताया, 'दो बदमाशों ने उस वक्त गोगी पर फायरिंग कर दी, जब उसे रोहिणी कोर्ट में सुनवाई के लिए ले जाया गया था। इसके जवाब में पुलिस ने दोनों बदमाशों पर फायरिंग की और वे मारे गए। इन दो बदमाशों में से एक पर 50,000 रुपये का इनाम था।' यह घटना कोर्ट के चेंबर नंबर 206 में हुई, जब गोगी को जज के सामने पेश किया जाना था। अचानक फायरिंग होने से अफराफरी मच गई।

## सीएम योगी की तारीफ करते-करते राजनाथ को फिल्म 'राम और श्याम' की आई याद, बोले-डबल नहीं, मल्टीपल रोल में देखता हूं इन्हें

**महराजगंज (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को सीएम योगी आदित्यनाथ की जमकर तारीफ की। महराजगंज में सीएम की तारीफ में उन्होंने कहा कि योगी जी को आज मैं मल्टीपल रोल में देखता हूं। इस दौरान राजनाथ सिंह थोड़ी देर के लिए अपने कॉलेज के दिनों में लौट गए। पुराने दिनों को याद करते हुए उन्होंने कहा, 'एमएससी का छात्र रहते मैंने पहली फ़िल्म 'राम और श्याम' देखी थी। उसमें एक व्यक्ति का डबल रोल था लेकिन आज मैं योगी आदित्यनाथ जी में अलग-अलग मल्टीपल रोल देखता हूं। ब्रह्मलीन गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ की पुण्यतिथि कार्यक्रम में श्रद्धांजलि अर्पित करने आए केंद्रीय रक्षा मंत्री ने कहा, 'वर्ष 2017 में जब प्रदेश की कमान देने की बात आई तो



मोदी जी ने सिर्फ एक नाम योगी आदित्यनाथ जी को चुना और ये आज स्वीकार्य नाम बन गया...।' राजनाथ सिंह के साथ मंच पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। इसके पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ब्रह्मलीन गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ महाविद्यालय में महंत की दिव्य प्रतिमा का अनावरण किया।

ब्रह्मलीन गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ को याद करते हुए उन्होंने कहा कि महंत अवेधनाथ के जीवन में दो सपने थे। पहला सामाजिक समरसता की स्थापना करना और दूसरा राम मंदिर का निर्माण। उन्होंने इन दोनों सपनों पूरा करने को अपना लक्ष्य बना लिया। ऊंच-नीच, जाति-पाति और छुआछूत और अस्पृश्यता की कुरीति को खत्म कर सामाजिक समरसता की स्थापना के लिए वह जीवन पर्यन्त काम करते रहे। इसके साथ ही अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण के लिए उन्होंने संघर्ष किया।

## सात अक्टूबर को यूपी के जिले में आ रही हैं प्रियंका गांधी

**झांसी (एजेंसी)।** सात अक्टूबर से कांग्रेस की प्रतिज्ञा रैली की शुरुआत झांसी से होगी। इस दिन कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव व यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी भी मौजूद रहेंगी। 10 को रैली महोबा पहुंचेगी और वहां एक विशाल रैली का भी आयोजन किया गया है। पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा शुक्रवार को साझा की गई। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी पर्यवेक्षक रघुवीर संधू शुक्रवार को झांसी पहुंचे और कार्यक्रम का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि यह रैली उत्तर प्रदेश की दिशा बदलेगी। शहर स्थित कांग्रेस कार्यालय पर मौजूद पदाधिकारियों के बीच रघुवीर संधू ने कहा, जनता को केवल एक ही आवाज देनी होगी, और कांग्रेस के पक्ष में लोग जुट जाएंगे। पूरव केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने कार्यकर्ताओं से कहा कि कांग्रेस प्रतिज्ञा रैली के माध्यम से प्रदेश और केंद्र सरकार की गलत नीतियों को उजागर करने का काम किया जाएगा। इस जनविरोधी सरकार से आमजन असुरक्षित महसूस कर रहा है। मजदूर, किसान और देश का मतदाता युवा वर्ग अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहा है। शहर अध्यक्ष अरविंद वशिष्ठ ने बताया, प्रतिज्ञा यात्रा झांसी की वीर भूमि से 7 अक्टूबर को प्रारंभ होकर 10 को महोबा पहुंचेगी और विशाल रैली के रूप में परिवर्तित हो जाएगी। रैली में प्रियंका गांधी के अलावा कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री भी आएंगे।



## ओबीसी जनगणना पर मोदी सरकार को घेरने की तैयारी, तेजस्वी बोले- विपक्षियों को करेंगे एकजुट

**पटना (एजेंसी)।** देश में जातीय जनगणना कराने की उठ रही मांगों के बीच केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में ये कह दिया है कि वो जातीय जनगणना नहीं कराएगी और ये उनका सोचा-समझा फैसला है। केंद्र सरकार के इस रुख के बाद बिहार का सियासी पारा चढ़ गया है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार विधानसभा ने भी जातीय जनगणना को लेकर दो प्रस्ताव पारित किए थे। इस मसले को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में हम सभी ने पीएम मोदी से मुलाकात भी की थी। तेजस्वी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार के जवाब के बाद अब हम महागठबंधन की बैठक में इस पर चर्चा करेंगे और आगे की रणनीति पर विचार करेंगे। शुक्रवार को तेजस्वी यादव ने मीडिया के साथ



संक्षिप्त बातचीत में कहा कि मैंने एक अखबार में देखा कि महाराष्ट्र की मांग पर केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष एक हलफनामा पेश किया, जिसमें उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि वे जाति-आधारित जनगणना की अनुमति नहीं देंगे। वहीं दूसरी ओर राजद अध्यक्ष लालू यादव ने भी जातीय जनगणना को लेकर केन्द्र सरकार के फैसले पर आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा है कि पता नहीं भाजपा और आरएसएस के लोगों को पिछड़ों और अति पिछड़ों से इतनी नफरत क्यों है ऐसे लोगों का सामाजिक बहिष्कार होना चाहिए। जातीय जनगणना से सभी वर्गों का भला होगा। इससे सबकी वास्तविक स्थिति का पता चलेगा। शुक्रवार को ट्वीट कर लालू ने कहा है कि यह कैसी बात है कि देश में सांप-बिच्छू, तोता-मैना, हाथी-घोड़ा, कुत्ता-बिल्ली सहित सभी पशु-पक्षी, पेड़-पौधे गिने जाएंगे लेकिन पिछड़े-अतिपिछड़े वर्गों के इंसानों की गिनती नहीं होगी। केन्द्र सरकार के इस रवैये पर लालू ने आश्चर्य व्यक्त किया है। जातीय जनगणना को लेकर केंद्र सरकार के इनकार के बाद जदयू ने कहा है कि हमारी मांग जारी रहेगी। जातीय जनगणना पर निर्णय लेना केंद्र सरकार का काम है। सीएम नीतीश कुमार पिछले कई वर्षों से यह मांग करते रहे हैं। इस मामले में राजद और कांग्रेस ने केंद्र पर हमला करते हुए कहा कि पहले से ही शक था कि केंद्र सरकार जातीय जनगणना नहीं कराएगी। वीआईपी ने जाति आधारित जनगणना को लेकर केंद्र सरकार पर भरोसा व्यक्त किया है।

## ममता बनर्जी ने कहा- अपने घर पर खुद ही बम फेंकते हैं बीजेपी के नेता, कार्यकर्ता की मौत पर दिया जवाब



**भवानीपुर (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में चुनाव बाद हिंसा की सीबीआई जांच पर सवाल उठाते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पूछा है कि सीपीएम के खिलाफ कभी सीबीआई या ईडी की जांच क्यों नहीं हुई केंद्र सरकार पर एक बार फिर पेगासस से जासूसी का आरोप लगाते हुए ममता बनर्जी ने बीजेपी कार्यकर्ता की मौत को लेकर घर के बाहर हुए प्रदर्शन पर भी जवाब दिया है। भवानीपुर में चुनाव प्रचार के दौरान ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कहा, ''सीपीएम ने इतने अन्याय किए हैं, क्या कभी उनके खिलाफ एक भी सीबीआई या ईडी केस है हमारी पार्टी जो इतनी बहादुरी से लड़ी, उसे नहीं छोड़ा जा रहा है। हमारे फोन को पेगासस से ट्रैक किया जा रहा है। ममता बनर्जी ने कहा, ''बीजेपी बेहद हिंसक, क्रूर और हत्यारी है। वे हर दिन गुंडागर्दी कर रहे हैं। वे अपने ही घर पर बम फेंक लेते हैं और कहते हैं कि उन पर हमला हो रहा है। कौन तुम पर हमला करेगा हम तुम्हें छूने पर भी शर्मिंदा होंगे। टीएमसी गुंडों की पार्टी नहीं है।

ममता ने बीजेपी कार्यकर्ता की मौत पर दुख जाहिर करते हुए कहा, ''मैंने सुना है कि इलेक्शन के कई महीने बाद बीजेपी के एक कार्यकर्ता की मौत हो गई है। इस तरह की मौतें हमेशा दुर्भाग्यपूर्ण हैं। वे शव लेकर मेरे घर के पास आए। असम में ੰਗ् को लेकर कई लोगों को मौत हो गई। क्या आपको कोई शर्म नहीं है। बीजेपी शासन में कानून का राज नहीं है।

पश्चिम बंगाल में कोलकाता पुलिस ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुकांता मजूमदार, पार्टी की भवानीपुर उपचुनाव प्रत्याशी प्रियंका टिबरेवाल और दो सांसदों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। ये गुरुवार को कालीघाट में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के आवास के पास एक पार्टी कार्यकर्ता के शव के साथ जुलूस निकाल रहे थे। कालीघाटी पुलिस थाने में श्री मजूमदार और अजुर्न सिंह, ज्योतिर्मय सिंह महतो और प्रियंका टिबेरवाल सहित अन्य पाटीर् नेताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 143, 147 और 283 के तहत मामला दर्ज किया है। जिसमें गैर कानूनी तौर पर एकत्रित होना, दंगे, रास्ते रोकना और सरकारी कर्मचारी को उनके कर्तव्यों का निर्वहन करने से रोकने के लिए आपराधिक बल का प्रयोग करना जैसी धारा शामिल हैं।

# गन्ना किसानों के लिए योगी सरकार का बड़ा फैसला, बकाया भुगतान न करने पर 50 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क

**बलरामपुर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले में गन्ना किसानों का बकाया भुगतान न करने पर जिला प्रशासन ने एक चीनी मिल (शुगर फैक्ट्री) के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए मिल की 50 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क कर ली। शुक्रवार को एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गन्ना किसानों का बकाया मूल्य भुगतान न किए जाने पर जिला प्रशासन ने बजाज हिंदुस्तान शुगर फैक्ट्री, इटई मैदा की 50 करोड़ की संपत्ति बृहस्पतिवार को कुर्क कर ली। गन्ना किसानों का बकाया मूल्य भुगतान न कर पाने के कारण इस मिल पर जिला प्रशासन ने 123 करोड़ रुपये की आरसी जारी की थी। उप जिलाधिकारी डॉ नागेंद्र नाथ यादव ने शुक्रवार को बताया कि बृहस्पतिवार को बजाज हिंदुस्तान शुगर फैक्ट्री की 50 करोड़ रुपये कीमत की संपत्ति कुर्क कर ली गई। उन्होंने बताया कि कुर्की का आदेश जिलाधिकारी श्रुति ने दिया था और जब्त की गई संपत्ति में 94 हजार क्विंटल चीनी और शुगर फैक्ट्री के पास उपलब्ध भूमि शामिल है। इसके अलावा तीन कंटेनर शीरा भी जब्त किया गया है। जिला प्रशासन ने मिल की चारदीवारी के बाहर जब्त की गई जमीन को चिन्हित कर लाल झंडे लगा दिए है। गौरतलब है कि गन्ना किसान भुगतान को लेकर इस मिल पर लगातार आंदोलनरत रहे हैं।



## शिलापट्ट से गुर्जर शब्द हटाने के विरोध में महापंचायत का ऐलान, सीएम योगी ने दादरी में किया था अनावरण

**नोएडा (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 22 सितंबर को दादरी के मिहिर भोज पीजी कॉलेज में सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा के अनावरण के दौरान शिलापट्ट से गुर्जर शब्द हटाने को लेकर गुर्जर समाज के लोग विरोध में उतर आए हैं और रविवार को कॉलेज में महापंचायत का एलान किया है। दादरी के मिहिर भोज पीजी कॉलेज में सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा के अनावरण को लेकर गुर्जर और राजपूत समाज आमने सामने थे। हालांकि, मुख्यमंत्री के दौरे से पहले दोनों समुदाय के प्रतिनिधियों ने एक मंच पर आकर विवाद खत्म कर दिया था। इसके बाद प्रतिमा अनावरण के लिए लगने वाले शिलापट्ट पर गुर्जर शब्द को लेकर राजनीति शुरू हुई। मुख्यमंत्री योगी के जाने के बाद लोगों की भीड़ शिलापट्ट से गुर्जर शब्द हटा देखकर भड़क गई। आक्रोशित भीड़ ने जमकर हंगामा किया और दादरी विधायक तेजपाल नागर के खिलाफ नारेबाजी की। अब समुदाय के लोगों ने गुर्जर शब्द हटाने के विरोध में रविवार को महापंचायत का एलान किया है।

## मध्य प्रदेश कांग्रेस में बड़ी सेंध लगाने की तैयारी में भाजपा, पूर्व सीएम अर्जुन सिंह के बेटे हो सकते हैं शामिल

**भोपाल (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश कांग्रेस में भाजपा एक बार फिर से बड़ी सेंध लगाने की तैयारी में है। इस बार भाजपा के निशाने पर मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह के बेटे अजय सिंह हैं। असल में पिछले दिनों अजय सिंह की प्रदेश भाजपा के दो बड़े नेताओं से मुलाकात हो चुकी है। इसके बाद से ही कांग्रेस के खेमे में खलबली मच गई है। गौरतलब है कि अजय सिंह की यहां के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा से दो बार और एक बार वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय से मुलाकात हो चुकी है। विंध्य में विधानसभा की करीब डेढ़ दर्जन सीटें हैं। यहां श्रीनिवास तिवारी, सुंदरलाल तिवारी जैसे नेताओं के निधन के बाद अजय सिंह काफी प्रभावशाली स्थिति में हैं। ऐसे में भाजपा से बढ़ती नजदीकी को लेकर अजय सिंह सुर्खियों में आ गए हैं। पिछले दिनों वे गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा से मिलने पहुंचे थे। हालांकि तब उनके आसपास के लोगों ने कहा कि वे क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर मंत्री से मिलने गए थे। वहीं 23 सितंबर को अजय सिंह के जन्मदिवस का जब उनके निवास पर कार्यक्रम हो रहा था तो डॉ. नरोत्तम मिश्रा का काफिला वहां पहुंच गया था। जन्मदिवस पर बधाई देने के बहाने केवल नरोत्तम मिश्रा ही नहीं कैलाश विजयवर्गीय भी जब अजय सिंह के बंगले पर पहुंचे तो यह गर्मी और बढ़ गई। वहीं लाइव हिंदुस्तान ने जब अजय सिंह से बात की तो उन्होंने कहा कि बहुत से बधाई देने आए जन्मदिवस पर कार्यकर्ताओं के आने से सरकारी आवास पर कार्यक्रम था जिसमें बहुत लोग आए थे। गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा भी बधाई देने आए थे और वे यहां केवल भ्रम फैलाने आए थे। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह विंध्य क्षेत्र के कांग्रेस के एक मजबूत स्तंभ माने जाते हैं। मगर उनके विरोधी पिछले तीन चुनावों में मिली हार के बाद उनकी पकड़ को कमजोर होता बता रहे हैं। यही वजह है कि उनके विरोध के बाद भी कांग्रेस छोड़कर विधानसभा सत्र के चलते सदन की कार्यवाही के दौरान पार्टी से विद्रोह कर भाजपा में जाने वाले भिंड के चौधरी राकेश सिंह चतुर्वेदी की गुपचुप ढंग से वापसी हो चुकी है।

## बंगाल को अलग कर 'ग्रेटर बांग्लादेश' बनाना चाहती है टीएमसी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुकांता मजूमदार का बड़ा हमला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तृणमूल कांग्रेस पश्चिम बंगाल को अलग कर 'ग्रेटर बांग्लादेश' बनाना चाहती है। यह आरोप है पश्चिम बंगाल भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष सुकांता मजूमदार का। सुकांता मजूमदार ने कहा कि पश्चिम बंगाल का आखिरी लक्ष्य ही 'ग्रेटर बांग्लादेश' बनाना है। न्यूज एजेंसी ੰਙ से बातचीत में कहा, 'लोगों को टीएमसी पर संदेह है। बीजेपी की विचारधारा मजबूत है। जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी समेत कई लोगों ने हमारी विचारधारा को नकराने की कोशिश की लेकिन वो नहीं कर सके। अभिषेक बनर्जी और ममता बनर्जी, नेहरू और इंदिरा की तरह बड़े नेता नहीं हैं। यहां तक कि अगर वो पश्चिम बंगाल की सभी 42 सीटें भी जीत जाते हैं तो भी यह सिर्फ 42 ही होगा। बीजेपी एक राष्ट्रीय पार्टी है वो बीजेपी को कैसे चुनौती देंगे। इस उसी तरह है जिस तह एक चींटी, हाथी से लड़ने की कोशिश करे।'

हाल ही में टीएमसी के नेता और सांसद अभिषेक बनर्जी ने कहा था कि अगर उनकी पार्टी अपने दरवाजे खोल दे तो सभी बीजेपी नेता टीएमसी में शामिल हो जाएंगे। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा नेता ने कहा कि अभिषेक बनर्जी कुछ भी कहते हैं। जो लोग बीजेपी की सोच पर विश्वास करते हैं...वो अपने दिल से भारत माता की जय कहते हैं। वो कभी टीएमसी में शामिल नहीं हो सकते हैं। टीएमसी के एक मात्र लक्ष्य पश्चिम बंगाल को करना और एक 'ग्रेटर बांग्लादेश' बनाना है। बता दें कि हाल ही में पूर्व केंद्रीय मंत्री बाबुल सुप्रियो ने टीएमसी का दामन थामा है। इसके बाद टीएमसी के प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा था कि आने वाले दिनों में अभी और भी बीजेपी नेता पार्टी में शामिल होंगे। आज बाबुल सुप्रियो आए हैं, कल दूसरे लोग टीएमसी ज्वाइन करने आएंगे। क्योंकि उन्हें बीजेपी की विचारधारा पर भरोसा नहीं है।

## खबर संक्षेप

### सोलर उपक्रम का वितरण 26से करछना के भस्मा मे

**जसरा।** क्षेत्र के बादलगंज मे कल्याणी फाउंडेशन के नेतृत्व मे शुक्रवार को मलेरिया, डेंगू समेत अन्य मौसमी एवम जानलेवा बीमारियों के बचाव एवम रोकथाम की परिचर्चा आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता कर रहीं संस्था की उपाध्याक्ष डा अनु वर्मा ने बताया कि उनके संस्थान मे आगामी 27सितंबर से लेकर 10अक्टूबर तक गरीबों को निःशुल्क चिकित्सा परीक्षण एवम दवाओं का वितरण किया जाए इसके साथ ही तकरीबन 21परिवारों को सोलर भेंट किया जाएगा जिसकी शुरूआत रविवार को करछना क्षेत्र के भस्मा गाँव से होंगी अपने उदबोधन मे डा वर्मा ने यह भी जानकारी प्रदान करते हुए बोला कि विगत 15 दिनों से स्वास्थ्य प्रभावित होनें के कारण तमाम कार्यो को पूरा करने मे समय लगा।

### रितिक बंगलौर की कंपनी मे चयनित

**जंघई।** सेमरी भोगीपुर ग्राम सभा निवासी निवासी रितिक तिवारी पुत्र रमेश चंद तिवारी का ऊउ साफ्टवेयर कंपनी बंगलौर में चयन होने पर परिजनों एवं ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है सभी ने रितिक को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

# जगदीशपुर मसनी में मां बेटी की नृशंस हत्या, क्षेत्र में मचा कोहराम



घटना के बाद वहां लगी लोगों की भीड़

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के जगदीशपुर मसनी गांव में बीतीरात मां-बेटी की गला रेतकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। सुबह घटना की जानकारी होने पर गांव में सनसनी फैल गई। हजारों की संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पाकर जिले के आला अधिकारियों समेत स्थानीय पुलिस और डॉग स्क्वायड की टीम भी मौके पर पहुंच गई। घटना की छानबीन की जा रही है।नवाबगंज के जगदीशपुर मसनी गांव में बरामदे में सो रही मां अंजली (35) पत्नी अंजनी सरोज और बेटी संजीवनी (13) पुत्री अंजनी सरोज की बेरहमी से हत्या कर दी गई। सुबह उनका शव बिस्तर पर खून से सना मिला। बताया जाता है कि पति अंजनी सरोज मुंबई में रहकर प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है। हत्या किसलिए, किसने और क्यों की इसका पता नहीं चल पा रहा है। गांव में घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चा व्याप्त है। पुलिस कई बिंदुओं पर छानबीन कर रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## कमरे में सोते समय अधेड़ पर चाकूओ से जान लेवा हमला

**करछना।** थाना क्षेत्र के कौवा बाजार में शुक्रवार को दोपहर कमरे में सोते समय एक अधेड़ के उपर कुछ लोगों ने जानलेवा हमला कर घायल कर दिया, जिसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में ईलाज के लिए भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है ।जानकारी के अनुसार कौवा गांव निवासी बब्बू सिंह 55 वर्ष कौवा बाजार स्थित अपने आवास पर दोपहर खाना खाने के बाद कमरे में आराम कर रहे थे और उन्हे नींद आ गई और वे सो गये, और कमरे का आधा सटर खुला था, उसी दौरान रजिंशन कुछ लोग कमरे में घूस गयें और सोते समय बब्बू सिंह के उपर चाकूओ से कयी वार कर घायल कर दिया और फरार हो गये जिसकी सूचना परिजनों ने करछना पुलिस को दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को करछना सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गये ।लेकिन गंभीर स्थिति देख डाक्टरों ने जिला अस्पताल रीफर कर दिया ।सूत्रों के मुताबिक घटना के पीछे पारिवारिक मकान से समबन्धित विवाद पूर्व का चला आ रहा है बताया गया ।हालांकि पुलिस मामले में छानबीन कर कारवाई में जुटी हुई हैं।

### बिजली विभाग के अधिकारियों की गिरफ्तारी पर रोक

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बिजली विभाग के कनिष्ठ अभियंता, एसडीओ व ड्राइवर के विरुद्ध एससी, एसटी एक्ट में दर्ज मुकदमे में उत्पीड़नात्मक कार्रवाई पर रोक लगा दी है और शिकायतकर्ता व सरकार से जवाब मांगा है। याचिका की सुनवाई 28 अक्तूबर को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल ने माधव कुमार द्विवेदी व अन्य की याचिका पर दिया है। याचिका में कहा गया है कि आपराधिक केस पेशबंदी में कायम किया गया है। याचीगण ने बिजली चोरी के आरोप में शिकायतकर्ता ममता देवी के पति के खिलाफ भदोही थाने में एफआईआर दर्ज कराई। पेशबंदी में शिकायतकर्ता ने ज्ञानपुर थाने में घूस मांगने के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई है। इस केस में विवेचनाधिकारी ने कोर्ट में रिपोर्ट दी कि याचीगण सरकारी ड्यूटी का कार्य कर रहे थे, कोई अपराध नहीं बनता। इस रिपोर्ट की अनदेखी कर अपर सत्र न्यायालय ने सम्मन जारी किया है। जिसे याचिका में चुनौती दी गई है। शिकायतकर्ता के वकील ने तर्क दिया कि केवल घूस मांगने पर ही नहीं, जाति सूचक टिप्पणी करने का आरोप है। इसपर कोर्ट ने विपक्षियों से जवाब मांगा है और तब तक उत्पीड़नात्मक कार्रवाई पर रोक लगा दी है।

## न्यूज झरोखा

### शिव मंदिर पर गिरी आकाशीय बिजली गिरा गुंबद



**हंडिया।** आकाशीय बिजली गिरने से मंदिर का गुम्बद गिर गया और दीवार भी चटक गई साथ ही अन्य हानि भी हुई। हंडिया कोतवाली क्षेत्र के हरीपुर सिधवार गांव में शिव पूजन पाण्डेय के घर के सामने बने शिव मंदिर पर रात लगभग 12 बजे के आसपास तेज तड़क के साथ आकाशीय बिजली गिर पड़ी। बिजली गुम्बद को चीरते हुए नीचे चली गई। इससे गुम्बद गिर गया। दीवार चटक गई। अन्य क्षति हुई। बिजली की तड़क से मंदिर से 50 मीटर दूर स्थित मकान में लगी खिड़कियों के शीशे टूट गए । घर में लगे इनवर्टर टीवी फ्रिज कूलर आकाशीय बिजली के कारण जलकर खाक हो गए । मंदिर पर गिरी आकाशीय बिजली चर्चा का विषय बना रहा लोगों का कहना है बिजली से गुंबद गिर गया लेकिन मंदिर की छत में कोई असर नहीं आया और नहीं मंदिर के अंदर स्थापित शिवलिंग पर कोई असर हुआ ।

### भाजपा सरकार अपने हर मुद्दे पर विफल : अशफाक अहमद



**फूलपुर।** भाजपा की जनविरोधी नीतियों के कारण गरीब आज और भी गरीब हो गया है। पेट्रोल, डीजल की बढ़ती कीमतों ने जहां किसानों की हालत खराब कर दी है वहीं किसान सम्मान निधि योजना भी छलावा साबित हो रही है। गांव में अभी भी भारी संख्या में पात्र किसान इस योजना से वंचित हैं। उक्त बातें शुक्रवार को अंदावा व कनिहार गांव में पद यात्रा के दौरान कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अशफाक अहमद ने ग्रामीणो के बीच कही। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार देने की बात हो या फिर महिलाओं की सुरक्षा की बात हो भाजपा सरकार अपने हर मुद्दे पर फेल रही है। इस दौरान कांग्रेसी कार्यकताओं ने घर -घर जाकर ग्रामीणों से आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनाने की अपील की। पदयात्रा कार्यक्रम में शमशेर बहादुर पटेल,अति उल्ला, महमूद अली, गुलाम सरवर, सिकन्दर अली, मोहम्मद शमीम, मोहम्मद फारुक,डा०कमरूद्दीन, अली हसन,सोमनाथ, अली,हाजी छेदी, मोहम्मद यूसुफ, तहजीब हसन सहित अन्य कांग्रेसी नेता मौजूद रहे।

### विमलेश पटेल का कार्यकर्ताओ ने किया स्वागत



**प्रतापपुर।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विमलेश पटेल के नवीन दायित्व मिलने पर प्रथम बार भाजपा किसान मोर्चा के जिला मंत्री रुद्र प्रताप सिंह के आवास वरुणा मंडल में आगमन हुआ।उनके आगमन से उत्साहित जिला मंत्री रुद्र प्रताप सिंह की अगुआई मे भाजपा कार्यकर्ताओ ने भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद,विमलेश पटेल जिंदाबाद का नारा लगाते हुए उनका जोरदार स्वागत किया।किसान मोर्चा के जिलामंत्री ने उन्हें भगवा अंगवस्त्र और माला पहनाकर स्वागत किया और नवीन दायित्व के लिए शुभकामना दिया।मौके पर कपिल सिंह पूर्व जिलामंत्री भाजयुमो,अखिल सिंह, दीपक केशरवानी, हरिकेश बिंद, कृष्णा नंद, शनि पटेल, सूरज सिंह सहित अन्य भाजपा कार्यकताओं उपस्थित रहे।

### ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के रवीन्द्र वर्मा बने अध्यक्ष



**जसरा।** विकास खंड जसरा में सफाई कर्मचारियों की एक बैठक जसरा ब्लॉक सभागार में की गई। जिसमें उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ का ब्लॉक स्तरीय चुनाव एडीओपी श्याम लाल तिवारी व प्रभारी मोतीलाल कुशवाहा व राजकुमार के निर्देशन में निर्विरोध संपन्न हुआ। जिसमें रवीन्द्र वर्मा को अध्यक्ष, राकेश कुमार को महामंत्री व हनुमान प्रसाद को कोषाध्यक्ष चुना गया है। ब्लॉक प्रमुख जसरा अजीत सिंह ने सभी विजयी प्रत्याशियों को जीत की बधाई देने के साथ सबका मुंह मीठा करवाया और कहा कि संगठन चाहे छोटा हो या बड़ा उसके निर्वाचित पदाधिकारियों की कार्य शैली पर निर्भर करता है। इस अवसर पर नागेन्द्र कुमार यादव,सूर्यभान, शशीकांत, हरिशंकर,केशव प्रसाद,सुशीला देवी सहित सैकड़ों सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

# करछना ड्रामगंज मार्ग निर्माण गुणवत्ता के अनुरूप नहीं : उज्जवल रमण सिंह

अखंड भारत संदेस



बूथ प्रभारी कार्यकताओं को संबोधित करते विधायक करछना

**करछना।** रामपुर करछना से ड्रमडंगंज मिजार्पुर तक 58किमी चौड़ीकरण के साथ सड़क , केंद्र व प्रदेश से कितनी मेहनत के बाद 15किमी स्वीकृति हुई लेकिन कार्य निर्माण मानक के अनुरूप नहीं हो रहा है जिसकी शिकायत क्षेत्रीय लोग लगातार कर रहे हैं अगर सड़क व बगल की नाली निर्माण में गुणवत्ता से खिलवाड़ किया जायेगा तो क्षेत्रीय जनता निर्माण को रोकने का काम करेगा।उक्त बातें करछना विधायक उज्जवल रमण सिंह ने शुक्रवार को करछना मे बूथ प्रभारी तथा क्षेत्रीय नागरिकों की शिकायत पर रामपुर से भडेऱवा भुड़ा मोर तक सड़क निरिक्षण कर कहीं उन्होंने कहा कि कार्य मे खामी करछना विधानसभा में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि रामपुर से भीरपुर फोरलेन निर्माण के समय भी शिकायत किया गया था कि गंगाजी की बालू से निर्माण कार्य हो रहा जो ज्यादा दिन नहीं चलेगा लेकिन उसकी भी शिकायत पर कोई ध्यान नहीं दिया योगी सरकार ने उसका नतीजा हुआ कि दो साल में ही सड़क टूटने लगीं। विधायक ने कहा कि मिजार्पुर मार्ग का हश्र करछना रोड़ की नहीं होने देगें। जिलाउपाध्यक्ष विनय कुशवाहा ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की आंख कान और जबान होते इसलिए उन्हें सक्रिय रहना अति आवश्यक है इसलिए कार्यकर्ता गांव गांव घर घर जा कर अखिलेश सरकार की उपलब्धियों कार्य और योगी सरकार के क्रियाकलापों को बताने का काम करें ताकि जनता आगामी विधानसभा चुनाव में सही निर्णय ले सके झूठ फरेब में ना फसें।निरिक्षण में पूर्व प्रमुख विजय राज सिंह उर्फ राजू सिंह, भोगाई सिंह, हंसराज सिंह, प्रधान मुश्ताक अहमद,प्रधान नजम, अच्चुतानंद द्विवेदी, कबूतर पटेल, टप्पू शर्मा, प्रधान राजकुमार पटेल,प्रधान परमानंद कुशवाहा, प्रधान गुलाम रसूल, सीको प्रधान, गजराज सिंह पटेल ,मदनमोहन प्रधान गडैला विनय कुमार यादव, पी आर सिंह, प्रधान खजुरी परमानंद मौर्य, प्रधान समर जीत यादव, अनिल कुमार यादव, दीलिप सिंह, प्रधान मुखतार अहमद दुर्ग प्रसाद प्रधान महोरी रीवा राज कुमार पटेल आदि लोग शामिल थे।

## उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बनें : रामनरेश



निर्वाचित पदाधिकारी व अधिकारी

अखंड भारत संदेश

**करछना।** विकास खंड करछना में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के ब्लाक अध्यक्ष पद के हुए चुनाव में रामनरेश भारतीया अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए, महा मंत्री पद पर जय प्रकाश नारायण और कोषाध्यक्ष पद समर बहादुर निर्वाचित हुए । ब्लाक करछना के सभागार में आयोजित चुनाव प्रभारी गुलाब चंद व इंद जीत के देख रेख में हुए चुनाव में संपन्न हुआ, कुल 107 मतदाता कर्मियों में 103 नें वोट डाले ।जिसमें अध्यक्ष पद पर रामनरेश भारतीया को 51 मत पाकर अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए दूसरे स्थान पर सुरेश 47 ही मत मिला ।महा मंत्री पद पर दो प्रत्याशी मैदान में थे जिसमें जय प्रकाश नारायण 51 मत पाकर जीत हासिल की वही दूसरे स्थान पर आनंद 50 मत मिले एक वोट से पीछे रहा गयें, कोषाध्यक्ष पद पर समर बहादुर 78 मत पाकर जीत हासिल की दूसरे स्थान पर श्याम बाबू को 25 ही मत मिले । इस मौके पर ब्लाक करछना के एडीओ पंचायत विवेक कुमार मिश्रा, अल्प नारायण सिंह अध्यक्ष उत्तर प्रदेश लेखा परीक्षा एसोसिएशन ईकाई प्रयागराज, खंड विकास अधिकारी करछना जितेन्द्र कुमार ,मनीष शुक्ला, एडीओ आई एस बी रामेश्वर प्रसाद सिंह, संतोष पाण्डेय पूर्व प्रधान मेडरा, अवतार किशन सिंह एडवोकेट एवं अध्यक्ष प्रधान संघ करछना सहित ब्लाक कर्मी मौजूद रहे ।

## पुलिस ने कोर्ट से एनबीडब्ल्यू हुए वांछित अभियुक्त को उड़ीसा से किया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश




पुलिस की गिरफ्त में अभियुक्त

**उतरांव।** उतराव पुलिस को उस समय बड़ी सफलता हासिल हुई जब पुलिस ने लंबे दिनों से फरार चल रहे वांछित अभियुक्त जिसका न्यायालय से एनबीडब्ल्यू भी जारी हुआ था। तथा उपरोक्त वांछित के खिलाफ अभियुक्त के घर के आसपास पुलिस ने चस्पा भी किया था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने भुनेश्वर उड़ीसा पारादीप जगतसिंहपुर उड़ीसा के होटल गोल्डन एंकर से अभियुक्त बदरे आलम उर्फ सद्दाम पुत्र अमजद अली निवासी आरा खुर्द थाना उतराव को गिरफ्तार कर अभियुक्त का ट्रांजिट रिमांड के तहत 72 घंटे का स्वीकृत उड़ीसा द्वारा करा कर अभियुक्त को थाने पर लाकर गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के लिए चालान कर दिया। गिरफ्तारी टीम में मुख्य रूप से थाना अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह हेड कांस्टेबल यशवंत सिंह व अजय सिंह रहे।

# कवि सम्मेलन और सम्मान समारोह आयोजित कर विभूतियों को किया गया सम्मानित

अखंड भारत संदेश




विभूतियों का स्वागत करते कवि सम्मेलन के पदाधिकारी

**उतरांव प्रयागराज।** हेतापट्टी बाजार में कवि सम्मेलन और सम्मान समारोह तथा नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विभूतियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित करने के साथ आंख रोगियों की जांच की गई। हेतापट्टी बाजार स्थित प्रयाग गार्डेन में आयोजित सम्मान समारोह और कवि सम्मेलन में कार्यक्रम आयोजक सुमित केसरवानी और अशोक केसरवानी द्वारा सर्वप्रथम मुख्य अतिथि भाजपा नेता आशीष केसरवानी को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। और आए कवियों को माला फूल और अंग वस्त्र देकर सम्मानित करने के साथ पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का भी बड़ी धूमधाम से अभिनंदन किया गया।इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता आशीष केसरवानी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम होना समाज में बहुत आवश्यक है क्योंकि किसी को सम्मान देकर उससे सम्मान की आशा की जा सकती है। इसी प्रकार उन्होंने कवि सम्मेलन में आए कवियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि मानव जीवन में हंसना टॉनिक के बराबर होता है। इसी क्रम में भाजपा नेता मनोज तिवारी, आशीष प्रजापति, मैकूलाल प्रजापति, कैलाश भारतीय,डा गोविंद, सुरेंद्र मुखिया, रमेश गुप्ता, जंग बहादुर, जगराम यादव, पवन विश्वकर्मा, आदि कार्यकर्ता सम्मान के पात्र रहे। अशोक केसरवानी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।कार्यक्रम को युवा कवि धनंजय सारस्वत ,बिहारी लाल अंबर अजय प्रेमी ,अमीन राजा आदि कवियों ने आए लोगों को भरपूर आनंद दिया। कार्यक्रम का संचालन सदाबहार कवि राजकुमार अंजाना ने अपने वाणी से लोगों को हर समय गुदगुदाते रहे। कार्यक्रम में नेत्र शिविर का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में लोगों की श्री सदगुरू सेवा ट्रस्ट चित्रकूट द्वारा आंखों की जांच कराकर दवाएं दी गयी। समाजसेवी और कार्यक्रम आयोजन सुमित केसरवानी ने कार्यक्रम में आप सभी लोगों का आभार जताते हुए स्वागत सत्कार किया।नेत्र शिविर में डा0 शिवा कांत त्रिपाठी, डा0 पंकज गुप्ता, डा0 अमित, डा0 राजाराम,और बृजेश यादव आदि चिकित्सकों की टीम ने नेत्र शिविर जांच कर दवाईयां दी।

# भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा यमुनापार का जिला कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश



भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की बैठक में मिशन 2022 की आगाज बुलंद करते धिकारी

**घूरपुर।** शुक्रवार के दिन भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा यमुनापार का जिला कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुभाष सिंह पटेल ने मिशन 2022 का आगाज बुलंद करते हुए कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं और एतिहासिक उपलब्धियों के बल पर आगामी विधान सभा चुनाव में यमुनापार के चारों विधान सभाओं में कमल का फूल खिलाना है।

इसके लिए जन जन तक सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को पहुचाना ही प्राथमिकता है।उन्होने जिला पदाधिकारियों को सौंपी गई उत्तरदायित्व के बारे में भी बताते हुए तन मन से कार्य करने को कहा। बैठक में अक्टूबर माह के प्रथम सप्ताह में आयोजित होने वाली भव्यता पूर्ण अविस्मरणीय जिला कार्यकारिणी की बैठक की रूपरेखा भी आपसी विचार विमर्श कर तैयार कर भागीदारी सुनिश्चित की गई। जिला कार्यकारिणी सदस्यों ने जिला अध्यक्ष सुभाष सिंह पटेल जी को माल्यार्पण कर स्वागत किया। वहीं समस्त जिले के पदाधिकारियो, मंडल अध्यक्षों का जिला अध्यक्ष ने माला पहना अभिनन्दन किया। बैठक में भारत माता की जय, बंदे मातरम, जय श्री राम और मोर्चे में मोर्चा पिछड़ा मोर्चा की नारे गुंजायमान होते रहे। सभी पदाधिकारियों ने भी अपने अपने विचार प्रकट किए। बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष सूर्य प्रताप सिंह ने किया। बैठक में उपाध्यक्ष धर्म राज पाल, मंत्री संजय पाल, सुरेंद्र बहादुर सिंह, अनुपम पटेल, शोध प्रमुख इं मयंक यादव, मिडिया प्रभारी आर के शर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी शिवम सिंह, जिला सदस्य उमाकांत कुशवाहा, राम राज सिंह, बजरंगी लाल आदि पदाधिकारी सद्स्य उपस्थित रहे।

### कल मनाई जाएगी पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

**सिरसा।** मेजा क्षेत्र नगरपंचायत सिरसा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जयंती समारोह को लेकर सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। उक्त आशय की जानकारी आशीष मिश्रा जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा भारतीय जनता पार्टी ने दिया है। कार्यक्रम का आयोजन नगर पंचायत सिरसा स्थित गायत्री पैलेस दशमी के बाग में किया जाएगा। आशीष मिश्रा ने बताया कि जयंती समारोह में मुख्य अतिथि प्रयागराज की लोकप्रिय सांसद श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी होंगी तथा कार्यक्रम में भाजपा जिला किसान मोर्चा के नवनियुक्त पदाधिकारियों के साथ क्षेत्र के किसानों, व्यापारियों व महिलाओ सम्मानित किया जाएगा, तथा कार्यक्रम में खान क्लिनिक सिरसा की तरफ से आयोजित निःशुल्क नेत्र शिविर में चश्मा वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक संजय केसरी मंडल अध्यक्ष उरूवा, भाजपा नेता शिव जी पांडेय,भाजपा सिरसा मंडल अध्यक्ष श्याम राज यादव, सेक्टर संयोजक छतवा भाजपा बृजेश कुमार मिश्रा उर्फ अंशु, महामंत्री उरूवा कुलदीप कुमार मिश्रा,मंजेश सेठ,ने क्षेत्रीय लोगों से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील किया है।

## बेटियां ही देश की असली गौरव : अभिषेक सिंह पटेल



मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य सामग्री की गयी वितरित

अखंड भारत संदेश

**जसरा।** बेटियों के पालन पोषण एवम जीवन मे आगे बढ़ने का यदि समुचित देखभाल की जाए तो यही बेटियां आगे चलकर राष्ट्र की खेवनहार बनती हैं इतना ही नहीं प्राचीन काल से बेटियां प्रत्येक क्षेत्र मे आगे रहीं हैं किन्तु आजाद भारत मे भी जिस सम्मान एवम संरक्षण की हकदार आधी आबादी को होंना चाहिए वह गौरव उन्हें नहीं मिल सका। देश का सम्पूर्ण विकास तभी संभव हैं जब बेटियों को समान शिक्षा एवम अधिकार प्राप्त होंगें उक्त बातें युवा समाजसेवीं एवम इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शोधार्थी छात्र अभिषेक सिंह पटेल ने सोमवार को आयोजित मिशन शक्ति अभियान के तहत बेटियों को निःशुल्क पाठय सामग्री वितरण करते हुए बतौर मुख्य अतिथि बोल रहें थे आगे उन्होंने यह भी कहा कि बिना नारी सशक्तिकरण एवम उत्थान के हमारा देश कभी विकसित राष्ट्र की सूची मे नहीं शामिल हों सकता इसलिए बेटियों को आगे बढ़ाने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी समाज के हर जिम्मेदार नागरिक को लेनी चाहिए। श्री पटेल ने इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण की महत्ता के साथ वृक्षारोपण, जल संरक्षण, पर्यावरण इत्यादि विषयों पर भी छात्र /छात्राओं को जागरूक किया गया।उक्त अवसर पर 21मेधावी छात्राओं को प्रमाण पत्र एवम कापी बैग भेंटकर सम्मानित किया गया नीलू पटेल, सुधा पटेल, रोजी भारतीया, खुशी त्रिपाठी आदि छात्राओं के साथ बालक वर्ग के भी मेधावियों कों सम्मानित किया गया । इस अवसर पर तमाम क्षेत्रीय लोग मौजूद रहें।

### खबर संक्षेप

## अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन चार अक्टूबर को

**प्रयागराज।** अप्रेंटिसशिप मेले में कौशल विकास से प्रशिक्षित युवा, आई0टी0आई0 उत्तीर्ण एवं अन्य इच्छुक लाभार्थी प्रतिभाग कर योजना का उठायें लाभ प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नैनी एस0के0 श्रीवास्तव ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि उ0प्र0 शासन द्वारा प्राप्त निर्देशों के क्रम में दिनांक 04 अक्टूबर, 2021 को प्रदेश के समस्त जनपदो में ह्व अप्रेंटिसशिप मेलाह्व का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है।इसी क्रम में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नैनी प्रयागराज, जिला उद्योग एवं निर्यात प्रोत्साहन केन्द्र प्रयागराज तथा उ0प्र0 कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 04 अक्टूबर, 2021 को अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन होना सुनिश्चित है। अप्रेंटिसशिप मेले में 14 से 35 आयु वर्ग के कक्षा 05 वीं पास से लेकर कौशल विकास से प्रशिक्षित युवा, आई0टी0आई0 उत्तीर्ण एवं अन्य इच्छुक लाभार्थी उक्त तिथि को अप्रेंटिसशिप मेले में प्रतिभाग कर इस योजना का लाभ उठा सकते है।

# ब्याज के पैसे अधिक होने से परेशान कपड़ा व्यापारी ने की आत्महत्या

### डायरी में लिखा सुसाइड नोट

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** थाना क्षेत्र के रामकापुरा गांव में ब्याज के पैसे से परेशान होकर एक कपड़ा व्यवसायी ने दुकान में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर दी। परिजनों ने यह देखा तो उनके होश उड़ गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक ने अपने डायरी में दो पन्ने का सुसाइड नोट लिखा है जिसमें उससे व्याज के लिए सूदखोरों से परेशान होकर इस आत्मघाती कदम उठाने का जिक्र किया है। पुलिस ने मामले में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के रामकापुरा गांव निवासी जुग्गी लाल केसरवानी के पांच पुत्रों में सबसे बड़ा राज कुमार उर्फ राजू केसरवानी घर के बाहर की कपड़े की दुकान चलाता था। शुक्रवार की सुबह वह दुकान खोला तो सूदखोर पैसा मांगने के लिए दुकान पर पहुंच गए। सूदखोरों ने उसके साथ बदसलूकी करते हुए गाली गलौच की और फिर वहां से चले गए। इसके बाद उन्होंने दुकान में काम करने वाले लड़के को वापस घर भेजते हुए दुकान का शटर गिरा लिया। लड़का घर वालों को इसकी जानकारी दी तो परिजन भागकर वहां पहुंचे। उन्होंने शटर खोला तो देखा के वह दुकान में ही चूल्ले में साड़ी का फंदे में लटक रहा है। परिजनों ने आस-पास के लोगों की मदद से उसे नीचे उतारा तब उसकी सांस चल रही थी। इसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाने लगे,लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई संजय ने बताया कि उसको कुछ लोगों ने दस प्रतिशत ब्याज में पैसा दिया था। अभी कुछ दिन पहले ही परिवार के सदस्यों ने 35 लाख रुपये ब्याज व मूल का सूदखोरों को वापस कर चुके है, लेकिन इसके बाद भी वह उन्हें परेशान किया करते थे। मामले में परिजन की तहरीर पर पुलिस ने सुनील कुमार दुबे पुत्र शिव कैलाश निवासी बेनी पुर बड़ी बारी थाना कौंधियारा, कान्हा, आशुतोष मिश्रा पुत्रगण शिव नारायण मिश्र निवासी फुलमई नचकोल का पुरा थाना करछना के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मृतक की डायरी व मोबाइल को अपने कब्जे में ली है। मृतक के दो पुत्र उत्सव 13 वर्ष, मुकेश 10 वर्ष व पत्नी शकुंतला देवी का रो-रोकर बुरा हाल है।

## बाघंबरी गद्दी मठ में पूरी हुई धूल रोट की रस्म, मौजूद रहे साधु संत

**प्रयागराज।** अखाड़ा परिषद अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि को भू समाधि देने के तीन दिन बाद बाघंबरी गद्दी मठ में धूल रोट की रस्म हुई। नागा संन्यासियों के ब्रह्मलीन होने के बाद उनके मोक्ष और परलोक में उनकी आत्मा की शांति के लिए यह रस्म की जाती है। अखाड़ा परिषद की ओर से आयोजित इस रस्म में देश भर के साधु संत मौजूद रहे। दिन भर गहमा गहमी का माहौल बना रहा। शुक्रवार को संतों ने बाघंबरी मठ में की मोक्ष की कामना बाघंबरी गद्दी मठ में समाधि के तीन दिन बाद शुक्रवार को महंत नरेंद्र गिरि के मोक्ष के लिए निरंजनी अखाड़े की परंपरा के अनुसार धूल रोट की रस्म पूरी की गई। इसमें देश भर से आए संतों ने हिस्सा लिया। इसके बाद चावल-दाल का भोग लगाकर महंत के मोक्ष के लिए कामना की गई।

# यातायात नियमों को बनाएं अपनी जीवन शैली का हिस्सा : सांसद

### द्वितीय सड़क सुरक्षा सप्ताह 24 से 30 सितम्बर तक मनाया जायेगा



सड़क सुरक्षा प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखकर रवाना करतीं सांसद फूलपुर श्रीमती केशरी देवी पटेल

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि जनपद में दिनांक 24 से 30 सितंबर तक द्वितीय सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। द्वितीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के प्रथम दिवस पर सांसद फूलपुर श्रीमती केसरी देवी पटेल जी के द्वारा सड़क सुरक्षा सम्बन्धी प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकार रवाना किया गया। इसके पश्चात सम्भागीय परिवहन कार्यालय में सड़क सुरक्षा सम्बन्धी कार्यशाला का आयोजन सड़क परिवहन से सम्बन्धी समस्त स्टेक होल्डर्स की उपस्थिति में किया गया। सम्भागीय परिवहन अधिकारी राजेश कुमार मौर्य द्वारा बताया गया कि वाहन चलाते समय सदैव सीट बेल्ट/हेलमेट का प्रयोग करें। मोबाइल फोन का प्रयोग करके या नशे की हालत में वाहन न चलायें। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महोदया द्वारा बताया गया कि कभी भी नींद या नशे की हालत में कभी भी वाहन न चलाएं ,यातायात नियमों का पालन मजबूरी में न करें बल्कि यातायात नियमों को अपनी जीवन शैली का हिस्सा बनायें। कार्यक्रम के अन्त में पुलिस अधीक्षक यातायात अखिलेश भदौरिया जी द्वारा मुख्य अतिथि महोदय को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में सम्भागीय परिवहन अधिकारी राजेश कुमार मौर्य, पुलिस अधीक्षक यातायात अखिलेश भदौरिया, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी(प्रशासन) डॉ0सियाराम वर्मा, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी(प्रवर्तन) प्रथम, सुश्री अल्का शुक्ला, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी(प्रवर्तन) द्वितीय, भूपेश कुमार गुप्त, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी(प्रवर्तन) तृतीय सुरेश कुमार मौर्य, जिला अध्यक्ष, (महिला मोर्चा) कार्यालय के समस्त कर्मचारी एवं प्रवर्तन सिपाहियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## अख्तर अली बनाए गए समाजवादी पार्टी से सैनिक प्रकोष्ठ के ब्लॉक अध्यक्ष



सपा द्वारा पदाधिकारियों के गठन पर अख्तर अली को उरुवा ब्लाक अध्यक्ष बनाया गया

**मेजा।** समाजवादी पार्टी द्वारा पदाधिकारियों के गठन के क्रम मे मेजा विधानसभा क्षेत्र के अख्तर अली को उरुवा ब्लॉक का अध्यक्ष बनाया गया। बता दें कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की अनुमति से मेजा विधानसभा क्षेत्र के कोटहा (लेहड़ी) गांव निवासी अख्तर अली (रिटायर्ड सैनिक) को समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ का ब्लॉक अध्यक्ष उरुवा बनाया गया। सपा सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने मनोनयन पत्र सौंप कर जिम्मेदारी दी। वहीं जिम्मेदारी पाकर अख्तर अली ने कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यों को जन जन तक पहुंचा कर लोगों को समाजवादी नीतियों से अवगत कराने एवं सपा सरकार बनाने के लिए मेहनत कर अपनी जिम्मेदारी निभाने का काम करुंगा। मनोनयन पर क्षेत्रीय सपाइयों में खुशी है। मनोनयन के बाद अपने पैतृक गांव पहुंचने पर लोगों ने उनका माल्यार्पण कर मिठाइयां खिलाकर बधाई दी। इस अवसर पर मोहम्मद गुलजार, डॉक्टर हमीद, कमालुद्दीन, हामिद हुसैन, गुलशन, मोबिन, लाल मोहम्मद सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## हाईकोर्ट बार चुनाव पर सुनवाई 28 सितंबर को

**प्रयागराज।** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव और एल्डर कमेटी को लेकर दाखिल याचिका पर सुनवाई के लिए 28 सितंबर की तारीख लगाई गई है। यह आदेश कार्यवाहक मुख्य न्यायमूर्ति एमएन भंडारी एवं न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की खंडपीठ ने दिया है। हाईकोर्ट बार के पूर्व संयुक्त सचिव प्रशासन संतोष कुमार मिश्र व अन्य की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि न्यायालय के आदेश के अनुपालन में दोनों पक्षों की ओर से नामित वरिष्ठ अधिवक्ताओं की बैठक में एल्डर कमेटी के गठन का कोई निर्णय नहीं हो सका। हाईकोर्ट बार की वर्तमान कार्यकारिणी की ओर से महासचिव प्रभाशंकर मिश्र ने हाईकोर्ट बार के 11 जुलाई 2016 के प्रस्ताव और याचियों की ओर से प्रस्तुत द्वितीय पूरक शपथपत्र के जवाब के लिए समय की मांग की। इस पर न्यायालय ने अगली सुनवाई के लिए 28 सितंबर की तारीख लगा दी। साथ ही प्रभाशंकर मिश्र को निर्देश दिया कि अगली सुनवाई पर न्यायालय के सहयोग के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल स्वरूप चतुर्वेदी को सूचित करें।

# इफको में निकली कलश यात्रा, भाव विभोर हुए अन्त:वासी

- सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा की शुक्रवार को कलश यात्रा से हुई शुरूआत
- इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया ने अर्धांगिनी के साथ पूजन कर की कलश यात्रा की शुरूआत

अखंड भारत संदेश



इफको में राधा- कृष्ण की पूजा के बाद कलश यात्रा को आगे बढ़ाते इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया

**फूलपुर।** इफको की फूलपुर इकाई में होने वाले सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा की शुरूआत शुक्रवार को दिव्य कलश यात्रा से प्रारंभ हुई। जिसमें इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया व विनीता कुदेशिया ने संयुक्त रूप से राधा कृष्ण जी की झांकी का विधि विधान से पूजन कर कलश यात्रा को आगे बढ़ाया। वहीं वृंदावन से अपनी टीम के साथ पधारे कथा वाचक स्वामी श्याम सुंदर जी के सानिध्य में ओम कल्याण समिति के उपाध्यक्ष संतोष शुक्ला ने श्रीमद भागवत पुराण का पूजन कर उसे शिरोधार्य किया। इस दौरान महिलाएं उत्साहपूर्वक कलश यात्रा में शामिल हुई। सात दिनों तक होने वाले भागवत कथा के पहले दिन ही इफको के अन्तः वासियों के अन्दर एक नई ऊर्जा का संचार हुआ। कलश में जल भरकर पदयात्रा में शामिल हर कोई भाव विभोर होकर मन ही मन प्रफुल्लित हो रहा था। मंदिर परिसर में बना हवन कुण्ड और दिव्य पंडाल सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। कलश यात्रा में संतोष शुक्ला, दानवीर सिंह, रामेश्वर मिश्र, आर के शुक्ला, बी पी सिंह, एन के मिश्रा, पदमाकर त्रिपाठी, रमाकांत, सचिन दीक्षित, अरूप मुखर्जी, विष्णु कांत, एस० एस सिंह, धर्मपाल प्रजापति, सोनू तिवारी, राम स्वरूप, पी एन मौर्या सहित अन्य अधिकारी शामिल हुए साथ ही उक्त आयोजन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिसकी सभी ने भूरि - भूरि प्रशंसा की।

# प्रधानों के कार्य में दखल पर प्रमुख के खिलाफ दिखी नाराजगी

### संगठन ने ब्लाक के अधिकारियों को भी चेताया



ब्लाक सभागार में बैठक करते संगठन के पदाधिकारी

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन उरुवा ब्लाक के प्रधानों की मांग पर शुक्रवार को ब्लॉक सभागार में बैठक कर बेवजह दखल पर प्रमुख उरुवा को खुली चुनौती दी। प्रमुख उरूवा पंचायत विकास और प्रधानों के कार्य में टांग नहीं अड़ाए वरना प्रधान संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा। संगठन ने ब्लॉक के अधिकारियों को भी पंचायत विकास में सहयोग करने के लिए चेताया।

अखिल भारतीय प्रधान संगठन के यमुनापार प्रभारी अनिल कुमार शुक्ल ने प्रधानों के कार्य में जबरन दखल देने पर प्रमुख के खिलाफ नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा उरुवा प्रमुख क्षेत्र पंचायत का कार्य देखें पंचायत विकास में रोड़ा ना बने।उरुवा प्रधान संघ के अध्यक्ष राजेश द्विवेदी प्रमुख के कारनामे से बेहद गुस्से में दिखे उन्होंने मंच से प्रमुख को सीधी चेतावनी देते हुए कहा कि आगे से पंचायतों में किसी भी तरह की दखल बर्दाश्त नहीं की जाएगी यदि प्रमुख अपनी हरकतों से बाज नहीं आते तो प्रधान संघ हर लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हैं। श्री द्विवेदी ने कहा प्रमुख द्वारा प्रधानों पर सामानों की आपूर्ति के लिए मनचाही एजेंसी का दबाव बनाया जा रहा है जो सरासर गलत है कोई भी प्रधान अपनी मर्जी से एजेंसी करेगा जहां से वह गुणवत्ता पर सामान की खरीद कर सकेगा। यह मुद्दा बैठक में सबसे तेज चर्चित रहा।खण्ड विकास अधिकारी उरुवा सपना अवस्थी के साथ ब्लॉक महकमे के अधिकारी और ग्राम पंचायत अधिकारियों के बीच दिक्कतों को लेकर सीधा संवाद कराकर प्रत्येक प्रधानों की समस्या को सूचीबद्ध किया गया है।अध्यक्ष ने प्रधानों से कहा वह अपनी समस्या सीधे संगठन पदाधिकारियों के समक्ष रखें,इनका निवारण तत्काल कराया जाएगा।यदि ब्लॉक महकमा किसी के दबाव में आकर प्रधानों की बात को अनसुनी करते हैं तो यह मुद्दा जिले के शीर्ष अधिकारियों के यहां उठाया जाएगा।बता दें कि चौकी के प्रधान फतेहबहादुर ने शिकायत दर्ज कराई की ब्लॉक पुराने प्रधान को तरजीह देता है और उनकी सहमति पर कार्य हो रहा है।रैपुरा के प्रधान ने न्याय पंचायत के सात गांवों के अभी तक खाते नही खुलने का मुद्दा उठाया।कहा कि महीनों से विकास कार्य ठप पड़ा है और ब्लॉक अधिकारी कुछ भी सुनने को तैयार नही हैं।तरवाई के प्रधान विमल सोनकर ने पूर्व प्रधान के फर्जीवाड़े का मामला उठाते हुए कहा कि करे कोई,भरे कोई।पूर्व प्रधान की लूट की वजह से विकास कार्य ठप पड़ा है।प्रधान को जनता के सवालों का सामना करना पड़ता है। मौके पर प्रधान ज्ञान चन्द मिश्र,अनिल यादव,केशव प्रसाद, पकरी प्रधान प्रतिनिधि मिथिलेश पांडेय, पट्टीनाथ राय के संदीप मिश्र सहित कई प्रधान मौजूद रहे।

# रेलवे के सर्जरी विभाग के डाक्टर ने किया जटिल रोग की सर्जरी



वैष्णवी की सर्जरी की पूर्व की स्थिति व सर्जरी के बाद डा संजय सिंह के साथ

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** रेलवे के सरकारी अस्पताल के डाक्टर रूपा कपिल चिकित्सा निदेशक के नेतृत्व में बहुत ही जटिल एवम गंभीर ऑपरेशन किया गया। बता दें कि वैष्णवी कुशवाहा पुत्री विवेक कुशवाहा प्रयागराज जब दो साल की थी तभी जलने से हाथ की कोहनी जल कर खराब हो गई थी और मांस इधर उधर निकल आई थी। जिससे हांथ की संवेदनाएं खत्म हो सकती थी। केंद्रीय मध्य चिकित्सालय उत्तर मध्य रेलवे में डॉ संजय कुमार वरिष्ठ मंडल चिकित्सक ने उक्त बच्ची वैष्णवी का ऑपरेशन किया। इस दौरान डाक्टर मोहम्मद असद,डाक्टर एस एस यादव,मेटन रुथ सिंह,नरसिंह अधीक्षक मंजू देवी सोनकर, ओटीए घनश्याम शुक्ल,राजीव कुमार का योगदान रहा। अवगत हों कि इसके पूर्व भी डाक्टर एस संजय सिंह, कोरोना काल में 125 मेजर ऑपरेशन,तथा 567 माइनर ऑपरेशन कर एक रिकॉर्ड स्थापित कर चुके हैं।

# किसान भाई आईपीएम फसल पद्धत से फसलों की करें सुरक्षा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** धान की फसल अथवा किसी भी अन्य फसल में कीट/रोग के प्रकोप की दशा में जिला कृषि रक्षा अधिकारी के मो0नं0-7839882320 पर सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है ' जिला कृषि रक्षा अधिकारी इन्द्रजीत यादव ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि किसान भाई खरीफ की मुख्य फसल धान में विगत दिनों में मौसम की प्रतिकूलता के कारण कीट एवं रोग के प्रकोप बढ़ने की सम्भावना है, जिस सम्बन्ध में कृषकगण को सुझाव दिया जाता है कि वे अपने फसल की बराबर निगरानी रखते हुऐ कीट/रोग के लक्षण के अनुसार आई0पी0एम0 फसल पद्धति अपनाते हुए फसल की सुरक्षा करें।

जीवाणु झुलसा रोग को बैक्टीरियल ब्लाइट रोग के नाम से भी जाना जाता है, जिसमें पत्तियॉ नोक से अथवा किनारे की तरफ से सूखना प्रारम्भ होकर नीचे की तरफ सूखती है। आरम्भ में धब्बें धूसर रंग के होते है, जो एक या दो दिन में पीले हो जाते है। खड़ी फसल में रोग के लक्षण दिखाई देते ही स्टैप्टोसाइक्लीन 15 ग्राम एवं कापर आक्सीक्लोराइड 50 प्रति डब्लू0पी0 500 ग्राम प्रति हेक्टेयर की दर से लगभण 400-500 लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करना चाहिए। आवश्यकतानुसार 10 से 15 दिन के अन्तराल पर दूसरा छिड़काव किया जाय। जब तक रोग के लक्षण समाप्त न हो जाय तब तक यूरिया का पर्णीय छिड़काव न किया जाय।

फुदका कीट प्रौढ़. पौधे के निचले हिस्से में पत्तियों, दानों का रस चुसकर पौधे को प्रभावित करते है। जिससे फसल पीली पड़ कर सूख जाती है। जिससे फसल उत्पादन प्रभावित होता है। फुदका कीट सफेद, भूरें या हरे पंख वाले छोटे आकार के होते है। जिन्हें सफेद फुदका/भूरा फुदका/हरा फुदका के नाम से जाना जाता है। इनमें भूरा फुदका अत्यन्त विनाशकारी होता है। जिनके द्वारा खेत में जगह-जगह गोलाकार आकार में पौधे झुलसे दिखाई पड़ते है। अधिक प्रकोप की दशा में डाईक्लोरोवास 76 प्रतिशत 500 मिली0 प्रति हे0 या क्यूनॉलफास 25 प्रतिशत 01 लीटर प्रति हे0 या कार्बोफ्यूरान 03 जी0 20 किग्रा0 प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव किया जाय। गंधी कीट प्रौढ़ बाली के दुग्धावस्था में दानों से रस चूस लेते हे जिसके फलस्वरूप दाने नही बनतें है। फूल आने के बाद औसतन 02 से 03 कीट प्रति हिल दिखाई देने पर मैलाथियान 05 प्रति या फेनेवेलरेट 0.04 प्रति धूल 20 से 25 किग्रा0 प्रति हे0 की दर से अथवा एजाडिरैक्टिन 0.15 प्रति0 ई0सी0 2.5 लीटर 500 से 600 लीटर पानी में घोल बनाकर प्रति हे0 छिड़काव किया जाय। छिड़काव प्रातः अथवा सायं हवा बन्द होने पर ही करें। किसान भाई धान की फसल अथवा किसी भी अन्य फसल में कीट/रोग के प्रकोप की दशा में जिला कृषि रक्षा अधिकारी के मो0नं0-7839882320 पर जानकारी प्राप्त किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त किसान भाई के किसी भी फसल में कीट/रोग की समस्या की स्थिति में कृषि विभाग के सहभागी फसल निगरानी निदान प्रणाली के मो0 नं0- 9452247111अथवा 9452257111 पर ह्वाट्सएप या मैसेज द्वारा 48 घण्टे में फसल के कीट/ रोग की समस्या का समाधान प्राप्त कर सकते है।

## स्वरोजगार की प्रयोगशाला बना खुर्पी नेचर विलेज : सिद्धार्थ राय

**नैनी।** गाजीपुर के प्रतिष्ठित ग्रामीण उद्यमी सिद्धार्थ राय ने सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय में आयोजित विचार गोष्ठी में छात्र-छात्राओं को उनके द्वारा शुरू किये गये खर्पी नेचर विलेज जोकि माडर्न फार्मिंग के लिये एक आदर्श है, की तकनीकियों के बारे में बताया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना से निदेशक शोध डा. शैलेष मारकर ने की। संयुक्त कुलसचिव (प्रशासन) डा. सी0 जॉन वेसली ने विश्वविद्यालय की स्थापना एवं उपलब्धियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान कुलपति मोस्ट रेव्ह. प्रो. राजेन्द्र बी. लाल के मार्गनिर्देशन में शुआट्स ने राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय ख्याति अर्जित की है। सिद्धार्थ राय ने कहा कि उन्होंने एम0बी0ए0 करने के उपरान्त खुर्पी नेचर विलेज की स्थापना का निर्णय किया। उन्होंने दो बीघा जमीन पर पहले 7 बिस्सा जमीन पर तालाब बनाकर मछली पालन शुरू किया, जिसमें खाकी कैम्बल ब्रीड के बत्तख भी पाले जो नार्मल से दोगुना अण्डे देती है। बत्तख पानी के ऊपर तैरती है जिससे लेयर नहीं बन पाती और मछलियों को आक्सीजन मिलती है। उसी जमीन पर गाय पालन शुरू किया जिससे गोबर के रूप में मछली को भोजन मिलने लगा। जब अधिक गोबर की वजह से पानी में आक्सीजन की कमी हुई तो पैडल वाली नो को तालब में डाल दिया जिससे आक्सीजन बनने लगी और पर्यटन के रूप में उसका इस्तेमाल शुरू कर दिया। तालाब के ऊपर एक डेकोरेटे झोपड़ी बना दिया और दैनिक किराये पर उठाकर आमदनी होने लगी। भीड़ बढ़ने पर चाय-मैगी आदि की सेल शुरू कर दी। इसके बाद सोनाली नस्ले की मुर्गे की ब्रीड मंगाई जो गोबर में से अनाज का दाना बिनकर भोजन करने लगे। गोबर गैस प्लान्ट भी स्थापित किया एवं ठण्डे गोबर से तैयार खाद को 1-1 किलो की पैकेट तैयार करके आमदनी अर्जित की। इसके बाद ऊँट, घोड़ा रखकर उसकी सवारी से भी आमदनी शुरू की। वर्तमान में उक्त जमीन को मेरिज हाल के रूप में भी बुक करके आमदनी शुरू हो गई है। इस प्रकार छोटी से भूमि पर पशुपालन, मछली पालन, खाद बिक्री, मैरिज हाल, एग्रो टूरिज्म से अच्छी खासी आमदनी होने लगी और स्वरोजगार की प्रयोगशाला के रूप में खुर्पी नेचर विलेज तैयार हो गया। कार्यक्रम में निदेशक फाइनेन्सियल प्लानिंग एण्ड मैनेजमेन्ट डा. आशीष एस. नोएल सहित छात्र-छात्रायें एवं फेकलटीगण उपस्थित रहे। कोविड-19 गाईडलाईन के अनुसार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# भाजपा सरकार मे कागजों पर हुआ विकास : अवनीश

अखंड भारत संदेश सुशांत



**मेजा रोड।** मेजा क्षेत्र के अमिलहवा मे सपा लोहिया वाहिनी के पदाधिकारियों की एक बैठक आयोजित हुई। बैठक मे लोहिया वाहिनी के विधानसभा अध्यक्ष अवनीश शुक्ला ने भाजपा सरकार की नाकामियों को बताया। भाजपा सरकार में विकास कार्य कागजों पर हुआ है। असल मे देखा जाए तो सड़कों स्थिति दयनीय है। मेजा क्षेत्र मे सड़कों पर हुए गड्ढे योगी सरकार के गड्ढा मुक्त सड़कों की पोल खोल रही है। उक्त बातें समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के विधानसभा अध्यक्ष मेजा इंजीनियर अवनीश कुमार शुक्ला ने कही। श्री शुक्ला ने आगे कहा कि मेजारोड बाजार से सिरसा जाने वाली सड़क पर रेलवे द्वारा बनाई गई अंडरपास पुलिया के नीचे हुए जलजमाव से राहगीरों को दिक्कत हो रही है और सिरसा मार्ग की सड़क भी अपनी बदहाली पर रो रही है। भाजपा सरकार के झूठ बोल कर जनता को लूटने एवं ठगने का काम किया है।

# श्रम सम्मान योजना के तहत विधायक ने छह महिलाओं को दिया सिलाई मशीन

## तुलसी सदन में हुआ एक्सपोर्ट्स कान्क्लेव का आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** आजादी के 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में संपूर्ण देश में आजादी का अमृत महोत्सव का भव्य आयोजन वाणिज्य सप्ताह के अवसर पर शहर के तुलसी सदन में डीजीएफटी कानपुर एवं उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र द्वारा एक एक्सपोर्ट्स कांक्लेव का भव्य आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक सदर राजकुमार पाल रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉक्टर मोहम्मद अनीस ने किया।



आयोजक के रूप में दिनेश कुमार चौरसिया उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग एवं प्रोत्साहन केंद्र प्रतापगढ़ रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ में शारदा संगीत महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इससे पहले विधायक ने रिबन काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर विधायक सदर द्वारा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत दर्जी ट्रेड में से 6 महिलाओं प्रियंका पांडे, प्रीति मिश्रा, माधुरी पांडे, सुषमा देवी, मंजू सिंह और तारा विश्वकर्मा को सिलाई मशीन का निशुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विशेषज्ञ द्वारा जनपद के विभिन्न उत्पादों को अच्छे से निर्यात किया जा सके के बारे में बताया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारी उत्तर प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सबका साथ सबका विकास के साथ संकल्प लेकर कार्य कर रही है। इस मौके पर राघवेंद्र शुक्ला मीडिया प्रभारी, धीरेंद्र सिंह अभिहित अधिकारी, अनिल कुमार एलडीएम, बी बी सिंह नोडल प्रधानाचार्य आईटीआई प्रतापगढ़, उपायुक्त वाणिज्य कर प्रतापगढ़, हरि नारायण सिंह सहायक प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र प्रतापगढ़, रोशन लाल उमर वैश्य, मोहम्मद अनाम, सरदार मंजीत सिंह, राजेंद्र केसरवानी, चंद्र प्रकाश शुक्ला, रमाशंकर जायसवाल, डॉ आनंद मोहन ओझा एवं एमआईएस कौशल मिशन वंदना सिंह आदि उपस्थित रहे।

# अवैध रूप से ले जाये जा रहे दर्शन भर से अधिक गोवंश को पुलिस ने पकड़ा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने अवैध रूप से ले जाये जा रहे दर्जन भर से अधिक गोवंश को बरामद करने मे सफलता हासिल की है। पुलिस ने गोवंश के साथ पिकप वाहन को भी बरामद किया है। आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। लालगंज कोतवाली पुलिस शुक्रवार को गश्त पर निकली थी। उसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि अवैध रूप से गोवंश लादकर एक पिकप वाहन रायबरेली की ओर से प्रतापगढ़ की ओर जा रहा था। पुलिस ने आननफानन मे घेराबंदी की और लालगंज चौराहे के समीप रायबरेली की ओर से एक पिकप वाहन को संदिग्ध देखकर उसे रूकने का इशारा किया। लेकिन वाहन लेकर चालक भागने लगा। पुलिस पीछा करके कोतवाली अंर्तगत लीलापुर पुलिस चौकी के बैरियर के पास वाहन को दबोचने मे कामयाब रही। पुलिस की घेराबंदी के दौरान वाहन पर सवार पशु तस्कर व चालक भाग निकलने मे कामयाब रहे। कोतवाल कमलेश पाल का कहना है कि पिकअप वाहन के साथ पन्द्रह गोवंश को बरामद किया गया है। अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## भयहरणनाथ धाम में प्रबन्ध समिति की बैठक कल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रसिद्ध पांडव कालीन भयहरणनाथ धाम में 26 सितंबर को दोपहर 12 बजे से अध्यक्ष अरविंद नारायण त्रिपाठी की अध्यक्षता में होगी। यह जानकारी देते हुए धाम के महासचिव सामाजिक कार्यकर्ता समाज शेखर ने बताया है कि बैठक में आगामी 3 अक्टूबर को धाम में उपाध्यक्ष कार्यक्रम राज कुमार शुक्ल के संयोजन में अन्य विद्वान सदस्यों द्वारा प्रस्तावित विद्वत परिषद की बैठक की रूपरेखा व कार्यक्रमों व व्यवस्था पर चर्चा कर रणनीति तय होगी। साथ ही जहां एक ओर पर्यटन विभाग के निर्माणाधीन कार्य के अवरोधों पर चर्चा करके समुचित समाधान व अवरोध हटाने हेतु चर्चा करके आवश्यक निर्णय होंगे। वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रस्तावित बेलनेस सेंटर के निर्माण की तैयारियों की समीक्षा भी होगी। समाज शेखर ने सभी प्रबन्ध समिति सदस्यों तथा संरक्षक सदस्यों से प्रतिभाग हेतु अपील की है।

## जानलेवा हमले के मामले में एक गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** महेशगंज थाना क्षेत्र के चितावनपुर गांव में गत 19 सितम्बर को सशस्त्र लोगों द्वारा अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक की 75 वर्षीय पत्नी तथा उनके एक बेटे पर जानलेवा हमला करने वालों में से एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अभी अन्य अभियुक्त फरार हैं जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। बता दें कि उक्त घटना में दोनों का इलाज प्रयागराज के स्वरुपरानी अस्पताल में हो रहा है जहां प्रधानाध्यापक के पुत्र की हालत तो बेहतर है लेकिन उनकी बूढ़ी पत्नी अभी भी गंभीर अवस्था में हैं। महेशगंज थानाध्यक्ष ने बताया कि गत रात्रि उनमें से एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। शेष अभियुक्तों की भी शीघ्र गिरफ्तारी होगी।

## हरीपुर बरदैता पावर हाउस में गिरी आकाशीय बिजली, पचासों गांव मे अंधेरा

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बीती रात पावर हाउस में आकाशीय बिजली गिरने से ट्रांसफार्मर जल गया। जिससे पचासों गांव में अंधेरा छा गया है। बिजली गिरने के दौरान इतना तेज धमाका हुआ कि लोग सन्न रह गए। विभाग के अधिकारी व कर्मचारी ट्रांसफार्मर के मरम्मत के कार्य में जुट गए हैं। पट्टी तहसील क्षेत्र के हरीपुर बरदैता पावर हाउस में बीती रात 12 बजे आकाशीय बिजली 5 एम बी ए के बड़े ट्रांसफार्मर पर गिर गई। जिससे ट्रांसफार्मर में बड़ा धमाका होने के साथ जल गया। इसमें लगभग 50 गांव सराय मधई, हरीपुर बरदैता, पृथ्वीगंज, मकराम मनभौवना, सरमा, डेईडीह धौराहरा, सहित कई गांवो की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। शुक्रवार सुबह घटना की जानकारी पर पावर हाउस के जेई अमित पाल कई कर्मचारियों को लेकर ट्रांसफार्मर ठीक कराने के लिए पहुंच गए। इस संबंध जेई अमित पाल ने बताया कि कार्य तेजी से चल रहा है जल्द ही गांव की विद्युत आपूर्ति बहाल हो जायेगी।

## बाग में निकला अजगर मचा हड़कंप

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** प्राथमिक विद्यालय के बगल स्थित एक बाग में अजगर दिखाई दिया, जिसे देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। बाद में ग्रामीणों ने अजगर को एक बोरे में बंद कर रख दिया किन्तु रात में वह अजगर निकल कर भाग निकला। कंधई थाना क्षेत्र के कर्माजीतपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय के बगल एक बाग में गुरुवार की रात अचानक एक अजगर दिखाई पड़ा। जिसे देखते ही ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे गांव के बीडीसी सदस्य दुर्गा शंकर शुक्ला ने अजगर को ग्रामीणों की मदद से पकड़कर एक बोरे में भरकर प्राथमिक विद्यालय में रख दिया। किन्तु रात में अजगर बोरे से निकलकर खेत की ओर भाग निकला। सुबह खाली बोरा पाये जाने पर ग्रामीणों में अजगर को लेकर भय नजर आया।

## पुस्तक पाकर खिले नौनिहालों के चेहरे

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** प्राथमिक विद्यालय सरायमधई में शुक्रवार को निःशुल्क पुस्तक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। पुस्तक पाकर नौनिहालों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ग्राम प्रधान परशुराम ओझा ने छात्रों को तराशने के लिए शिक्षकों को नसीहत दी। कहा कि सरकार की ओर से शिक्षा के अधिकार के तहत 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों को अनिवार्य शिक्षा की व्यवस्था की गई है। वहीं उन्होंने बच्चो को पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने का भी आह्वाहन किया और कहा कि इससे बच्चो में अनुशासन के साथ साथ शरीर भी निरोगी रहता है। प्रधानाध्यापक दयाशंकर यादव, सहायक अध्यापक जटाशंकर मिश्र, शिक्षामित्र अखिलेश मिश्र, राजशंकर मिश्र, शीतला प्रसाद तिवारी, विशाल मिश्र, श्रीराम रजक सहित स्कूली बच्चे मौजूद रहे।



## चौक के आसपास विजलेंस छापे में 54 उपभोक्ताओं पर जुर्माना

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** विद्युत विभाग के अधिकारी एवं उसका विजलेंस विभाग शुक्रवार को नगर के घंटाघर, ठठेरी बाजार, श्याम बिहारी गली व बेगम वार्ड में सघन चेकिंग कर 54 लोगों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। इससे हड़कंप मचा रहा। 54 लोगों में से 14 उपभोक्ता ऐसे मिले जिनका एक किलोवाट का कनेक्शन था और दो किलोवाट व तीन किलोवाट का लोड ले रहे थे। इसके अलावा आधा दर्जन उपभोक्ता ऐसे मिले जो घरेलू कनेक्शन लेकर कामर्शियल बिजली जला रहे थे। सभी पर जुर्माना ठोंका गया। इस कार्यवाही में विद्युत विभाग के एसडीओ अजीत कुमार यादव, विजिलेंस प्रभारी उमेश यादव, जेई बाबागंज विपिन यादव शामिल थे। बिजली विभाग की इस छापेमारी से चौक व बेगम वार्ड में हड़कंप रहा।

## पेंशनर जीवित प्रमाण पत्र कराएं जनरेटः वरिष्ठ कोषाधिकारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ।** वरिष्ठ कोषाधिकारी दीपक बाबू ने कोविड-19 की आपदा व वृद्ध पेंशनरों को सुविधाजनक जीवित प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के दृष्टिगत प्रतापगढ़ के कोषागार से पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशनरों को सूचित किया है कि जिन पेंशनरों को माह अक्टूबर-2021 एवं नवम्बर-2021 में जीवित प्रमाण पत्र जमा किया जाना है, ऐसे पेंशनर नजदीकी जन सुविधा केन्द्रों, साइबर कैफे, डाकघर इत्यादि में जाकर जीवन प्रमाण वेबसाईट पर डिजिटल लाईफ सर्टिफिकेट (डीएलसी) जनरेट कर प्रेषित कर सकते हैं। इस प्रक्रिया में पेंशनर्स को न तो हार्ड कापी भरकर कोषागार में देने की आवश्यकता है और न ही कोषागार में आने की आवश्यकता है।

# 15 किलोग्राम अवैध गांजा के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** थाना रानीगंज से उ0नि0 रणजीत कुमार पाण्डेय मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना क्षेत्र के ग्राम कलहा के आगे स्थित पुलिया के पास से दो व्यक्ति को 15 किलोग्राम अवैध गांजा व गांजा बिक्री के 2500 रूपये (नकद) के साथ गिरफ्तार किया गया।

उक्त बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर दोनों अभियुक्तों के विरूद्ध क्रमशः मु0अ0सं0 518/2021 व मु0अ0सं0 519/2021 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि हम लोग इधर-उधर घूम-घूमकर गांजा बेचते हैं और इससे मिले पैसों से अपना खर्च चलाते हैं। यह गांजा हम अमेठी की तरफ से आए एक व्यक्ति से खरीदतें है, उसका नाम पता नहीं जानते हैं।

गिरफ्तार अभियुक्तों में साहिल कुमार वर्मा पुत्र राम खेलावन वर्मा निवासी परमनाथपुर थाना अंतू व सतवन्त सिंह यादव पुत्र सुरेश बहादुर यादव निवासी चौखर पूरे अन्ती थाना अंतू शामिल रहे। पुलिस टीम में उ0नि0 रणजीत कुमार पाण्डेय, उ0नि जय प्रकाश यादव, मुख्य आरक्षी श्रीकान्त तिवारी, मुख्य आरक्षी महेन्द्र यादव व आरक्षी विशाल यादव थाना रानीगंज शामिल रहे।

### 25 हजार का इनामिया अभियुक्त तमंचा सहित धराया

उधर थाना आसपुर देवसरा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 138/2021 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में वांछित व 25 हजार रूपये के इनामिया अभियुक्त कन्हैयालाल निवासी देवी प्रसाद निवासी बांगरकलां, थाना करौंदीकलां, जनपद सुलतानपुर को थाना क्षेत्र आसपुर देवसरा के ग्राम इब्राहिमपुर जाने वाले रास्ते पर स्थित पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। इस बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 220/2021 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र सिंह, उ0नि0 अजय कुमार, आरक्षी आलोक यादव, आरक्षी माधवेश राय, आरक्षी शोभित कुमार व आरक्षी सुमित सिंह थाना आसपुर देवसरा शामिल रहे।

## कैम्प लगाकर बनाया जा रहा है आयुष्मान कार्ड

**पट्टी, प्रतापगढ़।** नगर वार्ड नंबर 6 में कैंप लगा कर आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा दी जा रही है। नगर के विवाह मंडप में शिविर के माध्यम से करीब 50 लोगों के कार्ड बनाए गए। लोगो को स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी सुविधाओं को प्रदान करने के लिए यह कवायद की जा रही है। पट्टी ब्लॉक की नगर पंचायत वार्ड नंबर 6 के विवाह मंडप में आयुष्मान भारत कैंप का आयोजन किया गया। नगर में सभासदपति रामचरित्र वर्मा के माध्यम से पट्टी नगर को सूचना देकर बुलाया गया। सीएचसी नीरज सिंह ने बताया की आयुष्मान योजना का लाभ लेने के लिए आयुष्मान कार्ड बनवाना जरूरी है। इस अवसर पर सभासद पति राम चरित्र वर्मा, गिरीश जायसवाल, सुशील कुमार ऑपरेटर, अजय, आदि नगर के लोग मौजूद रहे।

# पढ़ाई के साथ-साथ स्वास्थ्य के प्रति भी रहें सजग : डा0 बृजभानु

## पीबीपीजी कालेज में योग की उपयोगिता विषयक संगोष्ठी सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सितंबर माह में राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जा रहा है। इस श्रृंखला में शुक्रवार को प्रताप बहादुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय,प्रतापगढ़ में वर्तमान परिवेश में विद्यार्थियों के शारीरिक व मानसिक पोषण हेतु आयुर्वेद एवं योग की उपयोगिता विषय पर संगोष्ठी का आयोजन डाबर इंडिया के प्रयोजन में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.बृजभानु सिंह ने कहा कि आज




की पीढ़ी को पढ़ाई के साथ साथ अपने स्वास्थ्य के प्रति भी सावधान रहना चाहिए। कार्यक्रम में अतिथि वक्ता के रूप में बोलते हुए प्रभारी चिकित्साधिकारी राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, उड़ैयाडीह, प्रतापगढ़ डॉ. आशीष कुमार त्रिपाठी ने पोषण माह की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। प्रभारी चिकित्साधिकारी राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय रामापुर, प्रतापगढ़ डॉ.अवनीश पाण्डेय ने कहा कि सिर्फ पेट भरने से पोषण नही मिलेगा इसके लिए आवश्यक है कि हमारे खाद्य पदार्थों में मैक्रोन्यूट्रिएंट्स एवं माइक्रोन्यूट्रिएंट्स जैसे विटामिन्स, खनिज पदार्थ पर्याप्त मात्रा में रहे। कार्यक्रम का संयोजन डॉ0 अखिलेश कुमार मोदनवाल एवं अतिथियों के प्रति आभार प्रदर्शन डॉ. चेत प्रकाश पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ शिव प्रताप सिंह, डॉ.नीरज त्रिपाठी, डॉ नीरज पाण्डेय, डॉ भावना सिंह, डॉ. रेनू सिंह, रवि कुमार यादव, विशसम्भर एवं महाविद्यलय के सैकड़ों छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।



# एक सप्ताह में पूरा हो संगठन में सभी स्तर का गठन

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** कांग्रेस जनों की एक बैठक शुक्रवार को जिला कांग्रेस सेवादल कार्यालय पर जिलाध्यक्ष डॉ0लालजी त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। संचालन शहर अध्यक्ष इरफान अली ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि उ0प्र0कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व प्रतापगढ़ प्रभारी जय करन वर्मा मौजूद रहे। श्री वर्मा ने कहा कि संगठन में सभी स्तर का गठन एक सप्ताह में हर हाल में पूरा हो जाना चाहिए।

अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष डॉ0लालजी त्रिपाठी ने सभी संभावित उम्मीदवारों से कहा कि सभी अपने आवेदन 10 अक्तूबर तक अवश्य ही जमा कर पावती प्राप्त कर लें। इससे पूर्व उपाध्यक्ष डा0वी0के0सिंह ने संगठन निर्माण के हर स्तर के तरीके को विस्तार से समझाया। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व अध्यक्ष नरसिंह प्रकाश मिश्र, बृजेन्द्र मिश्र, डॉ0 नीरज त्रिपाठी, डा0वी0के0सिंह, इरफान अली, वेदांत तिवारी, महेंद्र शुक्ल, करुण पांडेय, दानिश माबूद, दिलीप गौतम, उत्सव भूषण, इंद्रानंद तिवारी, शिवशंकर भुर्जी, सूर्य प्रकाश शुक्ल, आशुतोष तिवारी, सुरेश मिश्र, संदीप त्रिपाठी, मो0यूसुफ, लल्लन सिंह, हरिश्चन्द्र सरोज, राजेश यादव, योगेश यादव, संदीप सिंह, मनीष सिंह सहित अनेक ब्लॉक अध्यक्ष मौजूद रहे।

# परिवार से मिलकर निहाल हुई लावारिस बुजुर्ग महिला

## 10 सितम्बर को रैली की बस से अमेठी फिर पहुंची जिला अस्पताल

### पट्टी की रहने वाली महिला को मेडिकल कालेज से घर ले गये परिजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मेडिकल कालेज पुरूष अस्पताल में लावारिस भर्ती 80 साल की बुजुर्ग महिला की पहचान हो गई है। सूचना मिलने पर शुक्रवार को अस्पताल पहुंचे परिजन उनको अपने साथ ले गये। परिजनों को पाकर बुजुर्ग निहाल हो गई। खुशी के आंसू निकल आये।जानकारी के अनुसार 16 सितंबर को अस्पताल के मेडिकल वार्ड में बुजुर्ग को लावारिस हालत में भर्ती कराया गया था। डॉक्टर मनोज खत्री की देखरेख में उनका इलाज हो रहा था। कुछ ठीक हुई तो दो दिन पहले उन्होंने डॉक्टर को अपना नाम बताया। पता लालगंज बता रहीं थी। डॉक्टर बुजुर्ग महिला को उनके घरवालों से मिलाने का अपने स्तर से प्रयास कर रहे थे। इसी बीच जानकारी मिलने पर बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के लोग भी सक्रिय हो गये। इसको मीडिया और सोशल मीडिया पर वायरल किया गया। शुक्रवार को यह जानकारी पट्टी के देईडीह धौरहरा सराय मघई के रहने वाले तबारक को हुई। फोटो देखकर उन्होंने शाबिरा को पहचान लिया। वे परिवार संग



अस्पताल पहुंचे। शाबिरा को साथ ले गये। तबारक ने बताया कि शाबिरा उनकी दादी हैं। 10 सितंबर से गायब थी। काफी तलाशा मिली नहीं। डॉक्टर खत्री ने बताया कि परिजन शाबिरा को अस्पताल से ले गये। बता दें कि डॉक्टर खत्री पहले भी इस तरह के लोगों की मदद कर चुके है। तबारक ने डॉक्टर खत्री और देखभाल कर रही स्टाफ की सराहना की।

## बेखौफ बदमाशों ने कोतवाली के सामने स्थित दुकान मे की चोरी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बेखौफ बदमाशों ने कोतवाली गेट के ठीक सामने हाइवे किनारे स्थित जलपान की दुकान का ताला तोड़कर हजारों के सामान व नकदी पर हाथ फेर दिया। शुक्रवार की सुबह दुकान पर पहुंचा पीड़ित दुकान की भटठी व कमरे का ताला टूटा देख अवाक रह गया। घटना को लेकर पीडित ने शुक्रवार को अज्ञात के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के मनीपुर गांव निवासी जमुना प्रसाद तिवारी ने वर्षो से हाइवे किनारे कोतवाली के ठीक सामने अपनी जलपान की दुकान खोल रखी है। कोतवाली के ठीक सामने होने के चलते सुबह सुबह ही पुलिसकर्मी भी चाय नाश्ते के लिए दुकान पर पहुंच जाते है। पीडित के अनुसार शुक्रवार सुबह दुकान खोलने के लिए उनका पुत्र सुनील तिवारी अपने भाई प्रदीप तिवारी के साथ पहुंचा तो भटठी व कमरे का ताता टूटा देख अवाक रह गया। अज्ञात बदमाश द्वारा दुकान पर बनी भटठी को तोडकर उसमे लगी लोहे की सींक को निकाला गया और फिर उसी सींक से दुकान के कमरे का ताला तोड़ा दिया गया।

## खबर संक्षेप

### गश खाकर गिरी महिला, हुई मौत

**अझुवा कौशाम्बी।** कड़ा धाम कोतवाली क्षेत्र के बाजारों में भिक्षाटन कर अपना आजीविका चलाने वाली एक महिला शुक्रवार को गश खाकर गिर गयी सूचना पर पहुंची कड़ा धाम कोतवाली पुलिस ने महिला को सीएचसी इस्माइल पुर में भर्ती कराया जहां महिला का निरीक्षण कर डॉक्टरों ने मौत की पुष्टि की है। जानकारी के अनुसार महिला के साथ एक छोटी बच्ची थी जिसने महिला को अपनी बुआ बताया है शकीना नामक महिला की मौत हुई है जो सिराथू में डेरा डालकर भिक्षाटन करती थी साथ रही बच्ची ने अपना नाम रफीकुन बताया है।

### बच्ची से रेप, अस्पताल में भर्ती

**कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के सुरसेना गांव की एक सात वर्ष की दलित बच्ची से रेप की घटना प्रकाश में आई है पीड़ित परिवार के लोग बच्ची को लेकर थाने पहुँचे है लेकिन पुलिस ने मुकदमा नही दर्ज किया है पीड़ित परिवार को पुलिस ने थाने से वापस कर दिया है परिजनों ने बच्ची को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

### लूट करने वाले अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जिले में अपराध एंव अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस द्वारा लूट व छिनैती करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है जानकारी के मुताबिक बेनीराम कटरा तिराके के पास से संदिग्ध महताब पुत्र शौकत निवासी सड़वा थाना सराय अकिल की जमा तलाशी के दौरान चोरी व लूट के दो अदद मोबाइल फोन बरमाद कर अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है

### अवैध शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना पश्चिम शरीरा पुलिस द्वारा अभियुक्त ऐतवारे सरोज पुत्र गोली सरोज निवासी अमीना थाना पश्चिम शरीरा के कब्जे से बीस लीटर अवैध शराब बनाने के उपकरण बरमाद होने पर अभियुक्त को गिरफ्तार कर कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेज दिया है।

### गन्दगी से जूझ रहा सैयद सरावा गांव

**सैयद सरावा कौशाम्बी।** चायल तहसील के सैयद सरावा गांव की पूर्वी साइड ननकू डॉक्टर के घर से धर्म एडवोकेट के घर तक नाली की सफाई ना होने से गंदगी व्याप्त है सफाई कर्मी गांव नही आता स्वच्छ भारत अभियान की धज्जियां उड़ाई जा रही है ग्रामीणों का आरोप है कि विभागीय अधिकारियों से बार-बार शिकायत करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

# चाकुओं से वार कर युवक का किया बेरहमी से कत्ल

**● चार घंटे पहले हमला को पुलिस ने गंभीरता से लेकर आरोपियों को कर लिया होता गिरफ्तार तो बच जाती नितिन की जान**

अखंड भारत संदेश

**मनौरी कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के मनौरी बाजार में गुरुवार रात लगभग 8:30 बजे एक युवक को फोन कर घर से बुला कर हमलावरों ने लगातार बड़ी बेरहमी से चाकुओं से वार कर दिया युवक की चीख-पुकार सुनकर लोग घरों से बाहर निकल आए लेकिन बीच बचाव करने का साहस कस्बा वासी नहीं कर सके चाकुओं के लगातार प्रहार से लहूलुहान युवक तड़पकर जमीन पर गिर पड़ा युवक की मौत समझ कर हमलावर फरार हो गए हैं हमलावर दो की संख्या में बताए जाते हैं हमले के बाद युवक को परिजन चिकित्सक के यहां ले गए जहां युवक की मौत की चिकित्सक ने पुष्टि कर दी ह।

बस्ती के बीच दर्जनों लोगों की मौजूदगी में बड़ी बेरहमी से हमलावरों ने एक युवक की हत्या कर दी मामले की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर कस्बा वासियों की भीड़ एकत्रित हो गई मामले की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।


मौत के बाद रोते बिलखते परिजन

घटनाक्रम के मुताबिक गुरुवार की शाम लगभग 8:30 बजे नितिन उर्फ छोटू उम्र लागभग 28 वर्ष पुत्र श्री राम केशरवानी निवासी मनौरी बाजार अपने घर पर मौजूद था इसी बीच उसके मोबाइल फोन पर बात करने के बाद दो युवकों ने उसे घर के पीछे वाली सड़क पर बुलाया युवकों से बात करने के बाद नितिन जैसे ही घर के पीछे की सड़क पर पहुंचा वहां पहले से मौजूद दो युवकों ने उस पर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला शुरू कर दिया नितिन कुछ समझ पाता इसके पहले ही उस पर दर्जनों वार कर दिए गए चीख पुकार सुनकर परिजन और पड़ोसी बाहर निकल आए लेकिन हमलावरों को रोकने का साहस कोई नहीं कर सका चाकुओं के प्रहार से लहूलुहान नितिन सड़क पर गिर पड़ा और तड़पने लगा मौके का फायदा उठाकर घटनास्थल से हमलावर फरार हो गए हैं नितिन को लेकर परिजन चिकित्सक के पास पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसकी मौत की पुष्टि कर दी है घटना के 4 घंटे पूर्व भी नितिन को सुनील कौशल उर्फ लाम्बा व मंगल पुत्र बचानी साहू ने मारपीट किया था लेकिन इस मामले में पुलिस ने आरोपियों पर कार्यवाही नहीं की थी चार घंटे पहले नितिन पर हुए हमले को पुलिस ने गंभीरता से लिया होता तो शायद दुबारा उस पर हमला करने की जुर्रत हमलावर नहीं करते हमले के पीछे बताया जाता है कि नितिन कुमार ने सुनील कुमार और मंगल को उधार रुपए दिए थे बकायेदारों से नितिन रुपये वापस चाहता था रुपए ना देना पड़े इसीलिए नितिन पर चाकुओं से प्रहार कर उसे मौत के घाट उतार दिया गया है घटना के बाद से मनौरी बाजार में भय और दहशत का माहौल व्याप्त है।

# अनैतिक कार्यों को अंजाम देने वाला सफेदपोश शातिर पुलिस हिरासत में


सफेद शातिर चोर पुलिस गिरफ्त में

**विभिन्न मुकदमों का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा गया जेल**

**अझुवा कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार अपराध एवम अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंर्तगत विभिन्न मुकदमों के वांछित अभियुक्त को चौकी इंचार्ज अझुवा ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। नगर पंचायत अझुवा वार्ड नं 3 शांतिनगर निवासी संतोष कुमार पासी पुत्र कुवाँरे जो कि सफेद चोला पहनकर कुछ सफेदपोशों की आड़ लेकर अपराध के विभिन्न कार्य कर रहा था शासकीय सेवकों को धमकी देकर अपने अनैतिक कार्यों को अंजाम दे रहा था सफेद पोशों का संरक्षण भी उसे प्राप्त था बीती देर शाम अझुवा चौकी इंचार्ज विजेंद्र सिंह ने मय हमराहियों संग छापा मार कार्रवाई कर मुकदमा अपराध संख्या 78/2018 धारा 353/ 504/ 506/ 427 आईपीसी की धारा में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय को सुपुर्द किया है।

## जब बौखलाहट में अपनी छीछालेदर कराने लगे एक पूर्व ब्लाक प्रमुख

**गरीब निरीह व्यक्ति को चप्पल मारने के लिए जब पूर्व ब्लाक प्रमुख ने दौड़ाया**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** पद सोहरत और बेसुमार दौलत मिलने के बाद एक पूर्व ब्लाक प्रमुख बात-बात पर बौखला जाते हैं छोटी-छोटी बात पर उनका आपा खो जाता है राजनीति में कई बार से पराजय का मुंह देख चुके पूर्व ब्लाक प्रमुख का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच जाता है पूर्व ब्लाक प्रमुख की इस हरकत से इलाके में आतंक का माहौल है लोग उनके नाम पर भय खाते हैं लेकिन भाजपा सरकार भी इस आतंकी ब्लॉक प्रमुख पर अंकुश नहीं लगा सकी है एक मम्मले को लेकर गुरुवार को फिर पूर्व ब्लाक प्रमुख बौखला गए और चप्पल उतार कर एक निरीह कमजोर व्यक्ति को मारने के लिए उन्होंने दौड़ा लिया पूर्व ब्लाक प्रमुख के आतंक से सहमा गरीब व्यक्ति जान बचाकर उनके की आवास से भाग आया है पूर्व ब्लाक प्रमुख सराय अकिल थाना क्षेत्र के यमुना नदी किनारे एक गांव के रहने वाले बताए जाते हैं और यमुना नदी के बालू के अवैध खनन में उनका वर्चस्व है मामला सराय अकिल कस्बे में पिता की संपत्ति के बंटवारे में पांच भाइयों के बीच विवाद से जुड़ा है पिता की मौत के बाद संपति के बंटवारे में राज नाम के एक व्यक्ति ने पिता के अन्य संपतियों में बराबर हिस्सा लेने के बाद एक मकान पर जबरिया कब्जा कर रखा है और वह पूर्व ब्लाक प्रमुख के संरक्षण के चलते चार भाइयों की संपति को हड़प कर जाना चाहता है इसी बात की पंचायत के लिए राज के भाइयों को पूर्व ब्लाक प्रमुख ने अपने आवास पर गुरुवार की सुबह बुलाया था जहां दोनों पक्षों की बात सुनने के बजाय पूर्व ब्लाक प्रमुख बौखला गए और राज के बड़े भाई को चप्पल हाथ मे लेकर मारने के लिए उन्होंने दौड़ा लिए इस पूर्व ब्लाक प्रमुख पर सामूहिक नरसंहार का आरोप भी दो दशक पूर्व लग चुका है लेकिन पूर्व ब्लाक प्रमुख के आतंक के बाद भी इसके कारनामे पर ना तो जनता आवाज उठाने का साहस कर पाती है और ना ही शासन प्रशासन इस पर कार्यवाही कर रहा है जिससे पूर्व ब्लॉक प्रमुख के हौसले बुलंद है।

## धूमधाम से मनाया गया बच्ची का जन्मदिन

**कौशाम्बी।** उच्च प्राथमिक विद्यालय सकाढा. में 24 सितंबर को बड़े ही धूमधाम से मीना का जन्मदिन मनाया गया। जिसमें एआरपी उमेश चन्द्र तिवारी ने मीना के बारे में बच्चों को बताया कि मीना एक साहसी बालिका है जो सामाजिक बाधाओं के विरुद्ध लड़ने की क्षमता रखती है। मीना के माध्यम से बालिकाओं को सशक्त बनाकर स्त्रियों को समाज में बराबरी का दर्जा दिया जाये जिससे वास्तव में मिशन शक्ति का उद्देश्य पूरा हो। एआरपी धर्मेंद्र पाठक ने कहा कि बालिकाओं को शिक्षित करके उन्हें मीना की तरह मुखर बनाया जाय।मीना मंच की जिला की एसआरजी नीलिमा सिंह ने बालिकाओं के द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधियां करवायी एवं विद्यालय में रसोइयां की पोती का जन्मदिन मीना के जन्मदिन के प्रतीक के रूप मनाया गया।मीना के जन्मदिन को विद्यालय के बच्चों द्वारा पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया इस दौरान विद्यालय के अन्य सहयोगी,अभिभावक एवं अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे।

# आधी रात को युवक की हत्या कर फंदे से लटकाई लाश

**कोखराज थाना क्षेत्र का मामला**

अखंड भारत संदेश

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के सैद अलीपुर गांव के एक दलित युवक को मारपीट करने के बाद ससुराली जनों ने गला घोंटकर हत्या कर दी है हत्या को आत्महत्या का रूप देने के उद्देश्य से युवक की लाश को टीनशेड से टांग दिया है मामले की जानकारी सुबह परिजनों को होते ही घर में कोहराम मच गया है मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक की लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना कम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के सैद अलीपुर गांव निवासी दलित संतोष कुमार पासी उम्र लगभग 32 वर्ष पुत्र राम सरन की ससुराल मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के दीवर कोतारी गांव में है गुरुवार को संतोष कुमार अपनी ससुराल गया था जहां ससुराली जनों ने उसके साथ मारपीट कर उसके जेब में रखा चार हजार रुपये नगद व मोबाइल छीन लिया


घटना स्थल पर मौजूद ग्रामीण।

ग्रामीणों की माने तो अपने 2 वर्ष के बेटे के साथ वह अपने गांव से सैद अलीपुर गांव गुरुवार की शाम लौट आया आधी रात को ससुराल के चार लोग सैद अलीपुर गांव पहुंचे जिस पर संतोष के बाबा ने आधी रात को गांव आने का उनसे कारण पूछा लेकिन ससुराल से आए लोग बाबा से नमस्ते करने के बाद आगे बढ़ गए संतोष पासी की सुबह लाश घर के बाहर टीनसेट के नीचे लटकती मिली है संतोष की लाश मिलते ही गांव में कोहराम मच गया है सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंची है पुलिस ने युवक की लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है आशंका जताई जा रही ससुरालियों ने संतोष की हत्या कर आत्महत्या का रूप देने के लिए संतोष की लाश को टीन के नीचे टांग दिया है परिजनों ने मामले की तहरीर पुलिस को दी है।

## जनपद स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न

**डीएम ने खण्ड शिक्षा अधिकारियों को पूर्ण तैयारी के साथ न आने पर कड़ी नाराजगी की प्रकट**



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित सम्राट उदयन सभागार में सम्पन्न हुई बैठक में जिलाधिकारी ने आपरेशन कायाकल्प के तहत विद्यालयों में कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा के दौरान विकास खण्ड मूरतगंज एवं सरसवाँ में अन्य विकास खण्डों के सापेक्ष प्रगति कम पाये जाने तथा बैठक में खण्ड शिक्षा अधिकारियों के पूर्ण तैयारी के साथ न आने पर कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए कार्यो में प्रगति लाने के निर्देश देते हुए कहा कि आगामी बैठक में आपरेशन कायाकल्प के तहत जिन विद्यालयों में कार्य पूर्ण नहीं हुए होंगें, उस ब्लाक के खण्ड शिक्षाधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जायेगी। उन्होनें 13 पैरामीटर के तहत कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा के दौरान विकास खण्ड कौशाम्बी के तीन विद्यालयों में कार्य अनारम्भ होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि 13 पैरामीटर के तहत जिन विद्यालयों में कार्य अनारम्भ है उन विद्यालयों आगामी 02 दिन में कार्य प्रारम्भ कर 07 दिन के अन्दर कार्य पूर्ण कराया जाय। उन्होनें कहा कि आगामी चुनाव के समय जिन विद्यालयों में आधारभूत संरचना पेयजल व विद्युत कनेक्शन आदि की कमी पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्व एफआईआर दर्ज कराकर कार्यवाही की जायेगी जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया की वे यह सुनिश्चित करें कि सभी विद्यालयों में एमडीएम के तहत गुणवत्तापूर्ण भोजन बनाया जाय। किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय। लापरवाही पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्व कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होनें सभी नामित जनपद स्तरीय खण्ड विकास अधिकारियों को विद्यालयों का निरीक्षण ठीक प्रकार से करने के निर्देश दिये। उन्होनें रूफटाप रेनवाटर हार्वेस्टिंग के कार्य में भी प्रगति लाने के निर्देश दिये बैठक में जिला विकास अधिकारी विजय कुमार एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रकाश सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## अग्नि से बचाव की दी गई जानकारी

**भरवारी कौशाम्बी।** अग्निशमन विभाग के अधिकारियों द्वारा भरवारी कस्बे में आग से बचाव के रास्तों पर चर्चा की गई है अग्निकांड की घटना को कैसे रोका जाए अग्नि कांड की घटना होने पर उसे कैसे नियंत्रित किया जाए प्रशिक्षण देते हुए विभाग के जिम्मेदारों ने नगर वासियों को जागरूक किया है अधिकारियों ने कहा कि गैस सिलेंडर से आग लगने के बाद घबराने की बात नहीं है उन्होंने गैस सिलेंडर में आग लगने से के बाद उसे बुझाने के तरीके को उपस्थित लोगों को विस्तार से बताया सुरक्षा के विभिन्न तरीकों को बताते हुए लोगों से उन्होंने सुरक्षित रहने की अपील की है उत्तर प्रदेश सरकार स्कूल सुरक्षा आपदा प्रबंधन प्रशिक्षक संजय सिंह अग्निशमन टीम रमेश चंद्र मिश्रा मुलायम सिंह यादव ,अनिल कुमार चालक अनिल कुमार मिश्रा के द्वारा अग्नि शमन के विषय मे जानकारी दी गई।

# अव्यवस्थाओं से जूझ रहा सामुदायिक भवन म्योहर

अखंड भारत संदेश

**लाखों रुपए की सरकारी रकम खर्च करने वाले अधिकारियों पर कब करेगी योगी सरकार कठोर कार्रवाई**




**कौशांबी।** जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता लापरवाही के चलते सरकारी योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई हैं विकास योजनाओं में कमीशन खोरी करने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई करने के बजाय मुख्य विकास अधिकारी मूकदर्शक बने हैं जिसके चलते अधीनस्थ कर्मचारी अधिकारी मनमानी पर उतारू है सरकार ग्रामीणों को सुविधाएं उपलब्ध कराने के मकसद से करोड़ो की सरकारी रकम खर्च कर भवन निर्माण करा रही है अफसरशाही के बीच मौजूद कमीशन खोरी के चलते भवन का निर्माण मानक से नहीं हो पाता है जिससे समय के पहले भवन जर्जर हो जाते हैं और जर्जर भवन को मरम्मत कराने की पहल इसलिए कमीशन खोर अधिकारियों द्वारा नहीं की जाती है कि उनकी निर्माण की धांधली उजागर हो जाएगी जिससे सरकार द्वारा भवन बनाए जाने की योजना ही पूरी तरह से फ्लॉप है सरकारी भवन में धांधली कर कमीशन खोरी करने वाले अधिकारियों के कारनामों को योगी सरकार को संज्ञान लेकर इन्हें दंडित करना होगा जिले में मुख्य विकास अधिकारी का अपने अधीनस्थों पर पूरी तरह से अंकुश समाप्त हो गया है अधीनस्थ मनमानी पर उतारू है चचाओं पर जाएं तो प्रत्येक मामले में कमीशन खोरी होती है जिससे सरकारी भवन दुर्दशा ग्रस्त हैं ताजा मामला कौशांबी विकासखंड क्षेत्र के म्योहर ग्राम पंचायत के लक्ष्मणपुर के सामुदायिक भवन का है। वित्तीय वर्ष 2016-17 में सामुदायिक भवन लक्ष्मणपुर का निर्माण कराया गया था निर्माण के वक्त ग्रामीणों ने मानक के विपरीत निर्माण किए जाने की शिकायत की थी लेकिन उसके बाद भी घटिया निर्माण के भवन को अधिकारियों ने हैंड ओवर कर लिया यह भवन 4 वर्षों के बीच उपयोग में नहीं आ सका है पूरा भवन दुर्दशा का शिकार है ग्राम प्रधान और पंचायत सेक्रेट्री इस सामुदायिक भवन का उपयोग नहीं कर सके हैं कई बार लोगों ने अधिकारियों से शिकायत की है लेकिन सामुदायिक भवन की देखरेख करने वाले और निर्माण करने वाले जिम्मेदारों पर कार्यवाही नहीं हो सकी है यह सामुदायिक भवन पशुओं के विचरण का अड्डा बन चुका है पूरे परिसर के गन्दगी और घास उगी है ग्राम प्रधान के सहयोगियों ने सामुदायिक भवन में भूसा रखकर कब्जा कर लिया है सूत्र बताते हैं कि ग्राम प्रधान और पंचायत सेक्रेटरी भूसा रखने वालों से किराया वसूल रहे हैं बार-बार शिकायत के बाद भी अधिकारी मूक दर्शक बने हुए हैं ग्रामीणों ने शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए व्यवस्था सुधारने की मांग की है।

## स्वेच्छा से यातायात नियमों का पालन कर अमूल्य जीवन को दुर्घटना से बचाएं : विधायक

**अझुवा कौशाम्बी।** परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त रुप से "द्वितीय सड़क सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक मंझनपुर लाल बहादुर के द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत कराया गया सड़क दुर्घटनाओं में 10% कमी लाए जाने हेतु यातायात के नियमों के अनुपालन एवं सड़क पर अनुशासित और सजग होकर वाहनों के संचालन हेतु बस टैक्सी-टेंपो यूनियन के सदस्यों, चालको, संचालकों एवं संभ्रांत नागरिकों के साथ संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विधायक द्वारा सामूहिक रूप से यातायात के नियमों के पालन हेतु उपस्थित जन मानस को शपथ शपथ दिलाई गई तथा प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर जन जागरूकता हेतु रवाना किया। गोष्ठी एवं जन जागरूकता कार्यक्रम में अपील की गई कि वह स्वेच्छा से यातायात नियमों का पालन करें।इस दौरान एआरटीओ तारकेश्वर मल्ल, पीटीओ परिवहन महेंद्र पांडे, यातायात निरीक्षक रविंद्र त्रिपाठी, आर आई परिवहन कौशल सिंह सहित परिवहन एवं यातायात पुलिस के कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# बसपा की बैठक में सेक्टर एवम बूथ स्तरीय कार्यकताओं को मजबूती देने पर जोर


बहुजन समाज पार्टी की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**बसपा संस्थापक कांशीराम के 15 वें महापरिनिर्वाण दिवस की लखनऊ आयोजित कार्यक्रम की तैयारी समीक्षा बैठक सम्पन्न**

**अझुवा कौशाम्बी।** आगामी 2022 विधानसभा चुनाव को लेकर बसपा पार्टी ने भी बूथ कार्यकताओं को मजबूती देने की पहल शुरू कर दी इसी क्रम में बहुजन समाज पार्टी की एक बैठक आयोजित की गई है बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमों एवम उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री बहन मायावती के निदेर्शानुसार विधान सभा सिराथू के एम बी ओ कालेज टेढ़ीमोड़ में बैठक सम्पन्न हुई बैठक में बहुजन समाज पार्टी की बूथ स्तरीय समीक्षा बैठक में सेक्टर एवं बूथ स्तरीय कार्यकताओं को मजबूती देने पर पदाधिकारियों ने जोर दिया है बैठक के दौरान बसपा नेता अम्बर भाई ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता पदाधिकारी बूथ बूथ पहुंचकर प्रत्येक मतदाताओं से संपर्क करें और उन्हें बसपा की नीतियों से अवगत कराएं इस दौरान मायावती को दोबारा प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया गया सर्वप्रथम अतिथियों ने संयुक्त रूप से डॉक्टर भीमराव अंबेडकर व कांशी राम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए बहुजन संत गुरुओ को याद किया इसके पश्चात वक्ताओं ने बारी-बारी से विस्तार पूर्वक विचार व्यक्त किए उन्होंने आगामी 2022 के विधानसभा चुनाव को लेकर सेक्टर व बूथ स्तरीय बहुजन कार्यकर्ताओं पर मजबूती से कार्य करने पर जोर दिया इस दौरान पार्टी की पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने का दावा करते हुए पांचवी बार बहन मायावती को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में महेंद्र कुमार गौतम मुख्य सेक्टर प्रभारी प्रयागराज मंडल , शुकुरू लाल निर्मल बच्चन पाल वरिष्ठ बसपा नेता अंबर भाई तथा कुछ वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ सेक्टर व बूथ गठन की समीक्षा की एवं 9 अक्टूबर 2021 को बामसेफ इ र 4और बीएसपी के संस्थापक मान्यवर कांशी राम के 15 वें महापरिनिर्वाण दिवस पर लखनऊ में बीएसपी के तत्वाधान में आयोजित विशाल श्रद्धांजलि सभा को सफल बनाने की तैयारी पर चर्चा भी की गई।

# बेहतर प्रबंधन : मेहता कॉलेज में निदेशक की सहयोगी टीचर टीम गठित

## निदेशक के इस पहल से मेहता कॉलेज की व्यवस्थाओं में बेहतर सुधार होगा

अखंड भारत संदेश

**भरवारी कौशाम्बी।** विद्यालय प्रबंधन को और बेहतर बनाने के लिए मेहता कालेज के निदेशक ने टीचरों की टीम गठित कर विद्यालय के व्यवस्था को सुधारने की पहल की है उन्होंने टीचरों की टीम गठित कर विद्यालय के प्रबंधन में सुधार में सलाह मांगा है मेहता कॉलेज में यह पहली बार हुआ है और उम्मीद जताई जा रही है कि निदेशक के इस पहल से मेहता कॉलेज की व्यवस्थाओं में बेहतर सुधार होगा। नगर पालिका परिषद भरवारी अंतर्गत भवन्स मेहता विद्याश्रम के नवनियुक्त प्रबंधक व निदेशक तथा प्रयागराज


सहयोगियों की टीम गठित करते मेहता कालेज के निदेशक

हाई कोर्ट के तेज तर्रार अपराधिक मामलों के अधिवक्ता संदीप सक्सेना ने कॉलेज की प्रत्येक अच्छे व प्रगति विकास पर उन्होंने अपने कॉलेज के वरिष्ठ शिक्षकों की एक टीम गठित की है जिसमे शिक्षक हर अच्छे व प्रगति के कार्यो पर अपनी सलाह देते हुए निदेशक को अवगत कराएंगे जिससे कॉलेज को और ऊंचा व विकास के पथ पर आगे बढ़ाया जा सके ' यहा यह भी बताना अति आवश्यक है कि इतने वर्षो के बाद यह पहली बार हुआ है कि जिसमें निदेशक ने अपने कॉलेज के वरिष्ठ टीचर्स को कॉलेज के विकास में अपनी टीम में नियुक्त किया है टीम में संजय कुमार श्रीवास्तव प्राचार्य अनिल कुमार मिश्रा अवधेश कुमार मिश्रा सुधाकर सिंह आदि शिक्षकों को नियुक्त कर एक सराहनीय कदम उठाया है निदेशक को सलाह देने के लिए टीचरों की टीम बनाई गई है मेहता कॉलेज में यह पहली बार हुआ है जिसमे टीचरों में खुशी के साथ साथ निदेशक के कार्यशैली पर सभी ने प्रसन्नता जाहिर की है। अंत मे निदेशक संदीप सक्सेना ने कहा इससे पहले कोई क्या करता था मैं पीछे मुड़कर नही देखना चाहता कॉलेज के सभी टीचर मेरा परिवार है हम सब मिलकर कॉलेज को और शिखर पर ले जाना हम सभी का कर्तब्य है हम सभी लोग शौहर्द पूर्ण वातावरण में कार्य करेंगे। उन्होंने ने कहा विकाश कार्य मे व शिक्षा में किसी प्रकार का अनुशाशन हीनता बरदास्त नही किया जायेगा सभी टीचर अपना काम करे बाकी सभी सभी कार्य मेरे ऊपर छोड़ दें।

## सम्पादकीय

### कितनी शुद्ध हो हवा

डब्ल्यूएचओ द्वारा एयर क्वॉलिटी गाइडलाइंस में किए गए ताजा बदलाव भी कानूनी तौर पर बाध्यकारी नहीं हैं, लेकिन इनसे सभी देशों को यह संदेश जरूर जाएगा कि हवा में प्रदूषण कम करने के लिए सख्त कदम उठाना उनके लिए कितना जरूरी हो गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने अपनी एयर क्वॉलिटी गाइडलाइंस में बदलाव लाते हुए हवा की शुद्धता के मानकों को और सख्त बना दिया है। डब्ल्यूएचओ के पुराने मानक 2005 में तय हुए थे। निश्चित रूप से इन 16 वर्षों में दुनिया ने काफी बदलाव देखे, लेकिन जहां तक डब्ल्यूएचओ के मानकों को लागू किए जाने का सवाल है, तो उस मोर्चे पर हालात संतोषजनक नहीं रहे। खुद डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के मुताबिक, 2019 में दुनिया की 90 फीसदी आबादी ऐसी हवा में सांस ले रही थी, जो इसके 2005 के मानकों के मुताबिक हानिकारक थी। ऐसे में यह सवाल पूछा जा सकता है कि जब पिछले मानक ही ढंग से लागू नहीं हो पाए हैं तो उन्हें अच्छी तरह लागू करने के बजाय मौजूदा मानकों को और कड़ा बनाने का भला क्या मतलब क्या इससे यह खतरा नहीं है कि कुछ देश इतना पीछे छूट जाएं कि उनमें इन मानकों को लागू करने का संकल्प ही कमजोर पड़ने लगे ऐसी आशंका को पूरी तरह खारिज नहीं किया जा सकता, लेकिन यह समझना होगा कि पर्यावरण की लगातार बिगड़ती दशा एक ऐसी चुनौती बन गई है, जिससे पूरी ताकत से निपटने के सवाल पर किसी भी तरह के किंतु-परंतु के लिए कोई गुंजाइश नहीं रह गई है। चाहे जैसे भी हो, पर्यावरण को बेहतर बनाने वाले कदम हमें उठाने ही होंगे।

डब्ल्यूएचओ द्वारा एयर क्वॉलिटी गाइडलाइंस में किए गए ताजा बदलाव भी कानूनी तौर पर बाध्यकारी नहीं हैं, लेकिन इनसे सभी देशों को यह संदेश जरूर जाएगा कि हवा में प्रदूषण कम करने के लिए सख्त कदम उठाना उनके लिए कितना जरूरी हो गया है। आज भी दुनिया में हर साल करीब 70 लाख मौतें खराब हवा में सांस लेने की वजह से हो रही हैं। मगर सवाल सिर्फ इन मौतों का या इस वजह से होने वाली बीमारियों का नहीं है। डब्ल्यूएचओ ने हवा में जिन पीएम 2.5 और पीएम 10 जैसे खतरनाक अवयवों को कम करने का आग्रह नए मानकों के जरिए किया है, उनका मुख्य स्रोत कोयला, पेट्रोल जैसे खनिज ईंधन का उपयोग है। इन ईंधनों के उपयोग में कमी से से जहां हवा का प्रदूषण कम होगा, वहीं जलवायु परिवर्तन के मोर्चे पर भी राहत मिलेगी। यानी ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन से ग्लोबल वॉर्मिंग के चलते विनाशकारी गतिविधियों का जो चक्र घूमना शुरू हो चुका है, उसकी गति भी कुछ नियंत्रित हो सकती है। मगर यह सब निर्भर करता है इस बात पर कि डब्ल्यूएचओ की सिफारिशों को विभिन्न देश कितनी गंभीरता से लेते हैं। भारत भी उन देशों की सूची में है, जो इन सिफारिशों को लागू करने में बहुत पीछे है। ऐसे में इन मानकों को रातोंरात लागू करने की खुशफहमी पालने के बजाय हमें अपने मानकों को जल्द से जल्द लागू करने और उन्हें बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

# मोदी की अमेरिका यात्रा पर कुतर्क गढ़ता सोशल मीडिया

**प्रभुनाथ शुक्ल**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका जैसे विशिष्ट गणराज्य के दौरे पर हैं। वैश्विक संदर्भ के वर्तमान परिपेक्ष में भारत के लिए यह यात्रा बेहद अहम है। मोदी की इस यात्रा की अहमियत तब और बढ़ जाती है जब भारत के पड़ोसी मुल्क अफगानिस्तान में एक बार फिर अतिवादी ताकतें अपना आधिपत्य स्थापित जमा लिया हो। जबकि भारत दुनिया के हर मंच से आतंकवाद की आलोचना करता रहा है। अफगानिस्तान में तालिबानी शासन से भारत की चुनौतियां बढ़ गई हैं, उस हालात में जब चीन और पाकिस्तान जैसे देश अघोषित रूप से तालिबान के साथ खड़े हों। नेपाल और बांग्लादेश भी हमें आंखें दिखा रहा है। भारत कई ट्रिलियन डॉलर का निवेश अफगान में कर चुका है। उस हालात में देश के सामने सामरिक सुरक्षा की चुनौतियां भी मुंह बाए खड़ी है। ऐसे में यह यात्रा हमारे लिए विशेष हो जाती है। क्योंकि अमेरिका में ट्रंप शासन का अंत हो चुका है और जो बाइडन सत्ता में हैं। भारत और अमेरिका के बीच तमाम मुद्दों पर मतभेद होने के बावजूद भी दक्षिण एशिया में अमेरिकी उपस्थिति के लिए दोनों राष्ट्रों को कूटनीतिक तौर पर एक दूसरे की आवश्यकता है। यह सिर्फ भारत के लिए ही नहीं अमेरिका के लिए भी बेहद जरूरी है। क्योंकि चीन की बढ़ती चुनौतियां उसे मुश्किल में डाल रही हैं। रूस और चीन की जुगलबंदी अमेरिका के लिए घातक हो सकती है। लेकिन सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री की अमेरिकी यात्रा को जिस संदर्भ में लिया जा रहा है वह बेहद शर्मनाक है। प्रधानमंत्री की एक वायरल हुई तस्वीर को लेकर सत्ता और विपक्ष में शीतयुद्ध चलने लगा है। देश को इस से क्या मिलेगा यह अलग तथ्य है। लेकिन सोशलमीडिया प्लेटफॉर्म पर यह साबित करने की कोशिश की जा रही है कि 'तेरे पीएम से अच्छा मेरा पीएम'।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कि अमेरिकी यात्रा के दौरान सोशल मीडिया में जो तस्वीर वायरल हो रही है उसमें प्रधानमंत्री यात्रा के दौरान महत्वपूर्ण फाइलों को निपटाते हुए देखे जा रहे हैं। फिर इस तस्वीर में आखिर बुराई क्या है जो बहस का हिस्सा बनी है। प्रधानमंत्री एक महत्वपूर्ण यात्रा पर हैं उस संबंध में सत्ता और विपक्ष सोशलमीडिया पर चर्चा क्यों नहीं कर रहा कि अमेरिकी यात्रा से भारत को कितनी उम्मीदें हैं। भारत को इस यात्रा से क्या लाभ मिल सकता है। मोदी क्या ट्रंप जैसे बाइडन के करीब आ सकते हैं। अफगानिस्तान में तालिबानी शासन को लेकर अमेरिका क्या भारत की चिंताओं पर ख्याल कर सकता है। चीन और पाकिस्तान की गतिविधियों को लेकर अमेरिका क्या भारत को कोई मजबूत भरोसा दे सकता है। कोविड महामारी की जंग दोनों देशों के आपसी तालमेल से कितनी और राहत मिल सकती है उस हालात में जब भारत, अमेरिका और दूसरे देशों में संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। सामरिक सुरक्षा, आर्थिक विकास बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी, आतंकवाद, हिंसा सामाजिक असंतुलन जैसी समस्याओं पर हम विचार क्यों नहीं कर सकते। सत्ता और विपक्ष एक साथ मिलकर देश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका क्यों नहीं निभा सकता। सत्ता से बाहर आते ही विपक्ष की सारी जिम्मेदारियां क्यों खत्म हो जाती है। उसके लिए क्या देश और लोगों की समस्याएं कोई मायने नहीं रखती हैं। क्या सिर्फ सत्ता ही देश सेवा का अनूठा माध्यम है। बदले राजनीतिक दौर में सत्ता और विपक्ष दोनों में इसका नितांत अभाव दिखता है। सत्तापक्ष, विपक्ष को न भरोसे में लेना चाहती है और विपक्ष न सत्तापक्ष के भरोसे में आना चाहता है। सिर्फ कुतर्क गढ़े जाते हैं और दोनों एक दूसरे की नुक्ताचीनी करने में लगे हैं।

आपको याद होगा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इसके पूर्व भी पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की एक तस्वीर अपनी धर्म पत्नी के साथ वायरल है। जिसमें विदेश दौरे के दौरान विमान में शास्त्रीजी महत्वपूर्ण फाइलों को निपटा रहे हैं। निश्चित रूप से एक राष्ट्र अध्यक्ष की है अपनी नैतिक जिम्मेदारी है कि देश ने उसे जो दायित्व सौंपा है वह निभाए। अब उसी तरह की तस्वीर अमेरिकी यात्रा के दौरान जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वायरल हुई तो सोशल मीडिया पर इसे शास्त्री की नकल बताया गया और उसकी आलोचना की जा रही है। सामान्य आदमी अगर अपनी तस्वीरें वायरल कर सकता है तो क्या प्रधानमंत्री को यह अधिकार नहीं है। उसके पास अपनी कुछ इच्छाएं नहीं हैं। सत्ता और विपक्ष के समर्थक आपस में भिड़े हुए हैं। लालबहादुर शास्त्री की तस्वीर को रीयल और मोदी की तस्वीर को रील बताया जा रहा है। देश के एक सम्मानित मीडिया हाउस की तरफ से भी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर डाली गई है। जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, नरसिम्हा राव, भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी और मनमोहन सिंह को विदेश यात्रा के दौरान विमान में कार्य करते हुए दिखाया जा रहा है। तस्वीरों के माध्यम से यह बताने की कोशिश की जा रही है कि प्रधानमंत्री मोदी ही नहीं दूसरे प्रधानमंत्रियों ने भी अपनी यात्रा के दौरान इस तरह के कार्य करते रहे हैं। एक दूसरी वायरल तस्वीर में एक तरफ प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और उनकी पत्नी के साथ एयर इंडिया का विमान दिख रहा है। दूसरी तरफ आत्मनिर्भरता दिखाते हुए प्रधानमंत्री का विमान दिख रहा है जिस पर एयर इंडिया के बजाय भारत लिखा है। एक तस्वीर में पूर्व प्रधानमंत्री रहे राजीव गांधी को विमान में सोते दिखा गया है जबकि दूसरे में नरेंद्र मोदी की वह तस्वीर है जो हाल में वायरल हो रही है। यह साबित करने की कोशिश है कि मोदी काम करते दिख रहे हैं जबकि राजीव गांधी को सिर्फ विदेश यात्रा का शौक था। सोशलमीडिया प्लेटफॉर्म पर एक तस्वीर यह भी वायरल है जिसमें 2010 में प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह कनाडा यात्रा के दौरान प्लेन से उतर रहे हैं तो उन्हें छाता दिखाया जा रहा है। जबकि अमेरिका यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी खुद छाता लेकर निकल रहे हैं।हालांकि छाते वाली तस्वीर पर भी सोशल मीडिया पर आलोचना हुई है कि प्रधानमंत्री की अगवानी के लिए विमान तल पर जो लोग खड़े थे वे छाता नहीं लिए थे, लेकिन मोदी छाता क्यों लिए थे। अब इन तथ्यहींन बहसों का क्या मतलब। पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के साथ इंदिरा गांधी की एक तस्वीर भी विदेश यात्रा की सोशलमीडिया में सुर्खियां बटोर रही है जिसमें विदेश यात्रा के दौरान काफी भीड़ उनके स्वागत में उमड़ी है। दावा किया गया है कि पंड़ित नेहरू के साथ इसी यात्रा के दौरान इंदिरा गांधी का नाम 'इंदिरा' पड़ा था। फिलहाल सोशलमीडिया पर इस तथ्य और दिशाहीन बहस से कुछ हासिल होने वाला नहीं है। क्योंकि यह मौसमी कुतर्क है और राजनीति का द्वन्द्ववाद है। सोशलमीडिया अच्छी भाषा और विचारों के बजाय सिर्फ कुतर्कों की गंदगी फैला रहा है। देश और समाज को बांटने का काम कर रहा है। हमें हर हालात में इस स्थिति से बचना होगा।

# तालिबान आ तो गए हैं, लेकिन टिक पाएंगे

**रंजीत कुमार**

पंद्रह अगस्त को काबुल पर तालिबान का कब्जा होने के बाद सात सितंबर को प्रभावशाली कट्टरपंथी हक्कानी गुट के बहुमत वाली अंतरिम सरकार की घोषणा तो जैसे-तैसे कर दी गई, लेकिन उसके तीन सप्ताह बाद भी अफगानिस्तान में सुचारू नागरिक प्रशासनिक व्यवस्था बहाल नहीं हो सकी है। एटीएम में पैसे नहीं हैं।

लोग घरों के कीमती सामान बेचने के लिए बाजार में खड़े हैं ताकि शाम के भोजन की व्यवस्था कर सकें। एक तरफ बाजारों में रोजमर्रा की चीजों की किल्लत है तो दूसरी तरफ सड़कों पर तालिबानी गुर्गे अपने हक के लिए प्रदर्शन कर रही औरतों को बंदूक की नोक से धकिया रहे हैं। दफ्तरों में सामान्य कामकाज बहाल नहीं हो सका है। महिला कल्याण मंत्रालय का नाम बदलकर शील और पाप मंत्रालय कर दिया गया है। अफगानी बैंकों के विदेश में जमा धन के इस्तेमाल पर अमेरिका ने रोक लगा दी है, अंतरराष्ट्रीय बैंकों से कर्ज पर पाबंदी लग चुकी है और अफगानिस्तान का अंतरराष्ट्रीय व्यापार ठप हो गया है। तालिबान ने अभेद्य मानी जाने वाली विद्रोही पंजशीर घाटी पर कब्जा तो कर लिया है, लेकिन विद्रोही नेता अहमद मसूद और अमरुल्ला सालेह ने आत्मसमर्पण नहीं किया है। तालिबान पर इस्लामिक स्टेट के मिलिशिया के हमले अचानक तेज हो गए हैं। .

अफगानिस्तान पर चैन से शासन करने के लिए तालिबान को न केवल अपने गुटों के बीच सौहार्द पैदा करना होगा बल्कि 'पंजशीर के शेरों' और इस्लामिक स्टेट को भी काबू में करना होगा। 33 सदस्यों वाली कैबिनेट की घोषणा के बावजूद अंतरिम सरकार के मंत्रियों ने जिम्मेदारी से दफ्तरी दायित्व निबटाने शुरू कर दिए हों, इसके कोई संकेत नहीं मिल रहे। आतंकित नौकरशाह दफ्तरों से नदारद हैं। प्रधानमंत्री पद के दावेदार रहे लेकिन उप-प्रधानमंत्री बनाए गए मुल्ला बारादर काबुल में हक्कानियों द्वारा पीटे जाने के बाद भाग कर कंधार चले गए हैं। दोहा में अंग्रेजी बोलने वाले जो तालिबानी अंतरराष्ट्रीय समुदाय से सौदेबाजी कर रहे थे, वे अपनी जिम्मेदारी संभाालने काबुल नहीं लौट सके हैं। दोहा में तालिबान के अग्रणी वार्ताकार रहे स्टेनिकजाई, जिन्हें विदेश मंत्री बनाने की बात थी, उप-विदेश मंत्री घोषित तो किए गए हैं, लेकिन उनकी बोलती बंद है। तालिबान ने पाकिस्तानी फौज के बल पर काबुल पर कब्जा तो कर लिया लेकिन अभी तक इसके नेताओं को समझ में नहीं आ रहा कि शासन आतंक के बल पर नहीं बल्कि अपनी जनता के सहयोग और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से मिली मान्यता के बल पर ही चलाया जा सकता है। दुशान्बे में शंघाई सहयोग संगठन की शिखर बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तालिबान के चरित्र का खुलासा करने वाले बयान (जिस पर पाकिस्तान और चीन ने भी एतराज नहीं किया) के बाद जिस तरह तालिबान को आतंक से परहेज करने की सलाह दी गई और जिस तरह प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि तालिबान को मान्यता सामूहिक फैसले से ही दी जाए, उससे तालिबान के गॉडफादर पाकिस्तान के सपने बिखर सकते हैं।

तालिबान को सबसे अधिक अमेरिका और उसके साथी देशों से राजनयिक मान्यता की जरूरत है, तभी उसे अंतरराष्ट्रीय वित्तीय और अन्य व्यापारिक मदद मिल सकती है। यह तभी मुमकिन होगा जब तालिबान वादा करे कि वह आम लोगों के मानवाधिकारों की गारंटी देने के साथ-साथ महिलाओं के प्रति हर तरह का भेदभाव भी खत्म करेगा। इसके बगैर तालिबान को अंतरराष्ट्रीय बिरादरी में शामिल नहीं किया जा सकता। तालिबान न केवल अपने देश की जनता की मौन नाराजगी झेल रहा है बल्कि बाकी दुनिया से भी वह पूरी तरह कट चुका है। इस वजह से अफगानिस्तान में घोर मानवीय संकट पैदा हो गया है और वहां अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के जरिए मानवीय सहायता पहुंचाने की कवायद शुरू हो चुकी है। दिक्कत यह है कि सड़कों पर आम लोगों को आतंकित कर रहे अनपढ़ तालिबानी लड़ाकों को लगता है, अफगानिस्तान का शासन और समाज केवल शरिया कानूनों से ही चलेगा। इसकी हिमायत पाकिस्तान सरकार भी कर रही है, लेकिन इमरान खान को डर है कि कहीं अफगान तालिबान से प्रेरणा लेकर पाकिस्तानी तालिबान (टीटीपी) वहां भी इस्लामी अमीरात की स्थापना को लेकर हमलावर तेवर न अपना लें। चीन की यह चिंता भी दूर नहीं हुई है कि शिनच्यांग प्रदेश के उइगुर विद्रोही तालिबान से प्रेरणा लेकर उसके लिए परेशानी बढ़ा सकते हैं। भारत को आशंका है कि तालिबान राज में खाली और बेरोजगार हो चुके जिहादी कहीं कश्मीर की ओर अपना मुंह न मोड़ लें। अमेरिका और पश्चिमी देशों की चिंता है कि अफगानी धरती से अल कायदा फिर अपना फन न उठाने लगे। तालिबान अंतरराष्ट्रीय समुदाय को ऐसा कोई विश्वसनीय भरोसा नहीं दे सका है, जिससे उसकी सरकार के साथ सभी देश सामान्य रिश्ते बहाल कर सकें। इस स्थिति का फायदा चीन और पाकिस्तान उठाना चाहेंगे, लेकिन वे दोनों भी एक फलते-फूलते अफगानिस्तान से ही लाभ उठा सकते हैं। पाकिस्तान ने सोचा था कि तालिबान का इस्तेमाल वह भारत के मुकाबले अधिक सामरिक क्षमता हासिल करने के लिए करेगा। चीन को लग रहा था कि तालिबान को पाकिस्तान की तरह पिट्ठू बनाकर अपने बेल्ट एंड रोड प्रॉजेक्ट का विस्तार करते हुए उसे मध्य एशिया और पश्चिम एशिया तक ले जाने में कामयाब होगा। मगर ये मंसूबे पूरे होते नहीं दिखते। तालिबान राज में एक महीने में ही जर्जर हो चुके अफगानिस्तान से चीन और पाकिस्तान भी क्या दोहन करेंगेइस स्थिति में एक बड़ा सवाल यह उठता है कि तालिबान कब तक काबुल पर विराजमान रह पाएगा। तालिबान में आपसी कलह और हिंसक झगड़े भी तेज होते जाएंगे क्योंकि सत्ता में सभी गुटों को भागीदारी नहीं मिली है। विभिन्न तालिबानी गुट कह रहे हैं कि उन्होंने जो कुर्बानियां दी हैं उनका इनाम उन्हें नहीं मिला तो वे चुप नहीं बैठेंगे। ऐसी स्थिति में अफगानिस्तान का भविष्य काफी अंधकारमय लग रहा है। पाकिस्तान और चीन की परोक्ष मदद की बदौलत तालिबान काबुल की सत्ता पर बैठ तो गया है, लेकिन वहां टिकेगा कब तक

# अफगानी महिलाओं के दुःख से बेखबर विश्व समुदाय

**डॉ राजू पाण्डेय**

अफगानिस्तान के मौजूदा हालात उन लोगों के लिए एक सबक हैं जो धर्म को सत्ता संचालन का आधार बनाना चाहते हैं। परिस्थितियां ऐसी बन रही हैं कि धार्मिक कट्टरता को परास्त कर समानतामूलक लोकतांत्रिक समाज की स्थापना के लिए भावी निर्णायक संघर्ष का नेतृत्व शायद अब महिलाओं को ही संभालना पड़ेगा। महिलाओं की अपनी मुक्ति शायद पितृसत्तात्मक शोषण तंत्र का शिकार होने वाले करोड़ों लोगों की आजादी का मार्ग भी प्रशस्त कर सके। अफगानिस्तान मामले की सामरिक और कूटनीतिक जटिलताओं से एकदम अलग स्त्री विमर्श पर आधारित इसका पाठ है। आश्चर्यजनक रूप से यह पाठ एकदम सरल है। यह पाठ दरअसल एक सदियों पुरानी हौलनाक दास्तान है जो प्रकारांतर से हर युग में, हर मुल्क में थोड़े बहुत समयानुकूल परिवर्तनों के साथ दुहराई जाती है। इस दास्तान में कुछ धर्मांध शासक हैं जो सदियों पुराने धार्मिक कानूनों के आधार पर राज्य चला रहे हैं। देश की आधी आबादी इनकी भोग लिप्सा और कुंठाओं की पूर्ति के लिए बंधक बनाकर रखी गई है। जब वे जीत का जश्न मनाते हैं तो औरतों से बर्बरता करते हैं, जब वे हार का शोक मनाते हैं तो औरतों पर जुल्म ढाते हैं, जब वे मित्रता करते हैं तो भोगने के लिए औरतों को उपहार में देते हैं, जब वे शत्रुता करते हैं तो औरतों को नोचते-खसोटते, मारते-काटते हैं, जब वे अपने धर्म का पालन करते हैं तो औरतों को आज्ञापालक गुलामों की भांति बंधक बनाकर रखते हैं। समय के साथ इनके नाम बदल जाते हैं। जैसे आजकल जिस मुल्क में ऐसे हालात हैं उसका नाम अफगानिस्तान है जहां के कट्टरपंथी शासक तालिबान कहे जाते हैं। यह आधुनिक युग है। इसलिए यूएनओ और सार्क जैसे संगठन हैं, नारी स्वतंत्रता एवं मानवाधिकारों की लड़ाई लड़ने वाली ढेर सारी संस्थाएं हैं, उत्तरोत्तर उदार और प्रजातांत्रिक होते विश्व के लोकप्रिय और शक्तिशाली सत्ता प्रमुख हैं। किंतु जो बात अपरिवर्तित है वह है अफगानी महिलाओं की नारकीय स्थिति। क्या यह स्थिति अपरिवर्तनीय भी है तालिबानी शासन का पिछला दौर महिलाओं के लिए भयानक रहा था। यूएस डिपार्टमेंट ऑफ स्टेट द्वारा 2001 में जारी की गई रिपोर्ट ऑन द तालिबान्स वॉर अगेंस्ट वीमेन के अनुसार 1977 में अफगानिस्तानी विधायिका में महिलाओं की हिस्सेदारी 15 प्रतिशत थी। एक अनुमान के अनुसार नब्बे के दशक के प्रारंभिक वर्षों में 70 प्रतिशत स्कूल शिक्षक, 50 प्रतिशत शासकीय कर्मचारी एवं विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी तथा 40 प्रतिशत डॉक्टर महिलाएं ही थीं।



तालिबान जब 1996 में निर्णायक रूप से सत्ता में आया तो कथित पश्चिमी प्रभाव को समाप्त करने के लिए उसे महिलाओं की स्वतंत्रता पर प्रहार करना एवं उनके मानव अधिकारों को छीनना सबसे जरूरी लगा। इस प्रकार महिलाएं तालिबान का पहला और आसान शिकार बनीं। 1996 से 2001 के बीच अफगानी महिलाएं पढ़ाई और काम नहीं कर सकती थीं। वे बिना परिवार के पुरुष सदस्य के बाहर नहीं निकल सकती थीं। वे राजनीति में हिस्सा नहीं ले सकती थीं। वे सार्वजनिक रूप से श्रोताओं के सम्मुख भाषण भी नहीं दे सकती थीं। वे स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित कर दी गई थीं। यहां तक कि उनके लिए सार्वजनिक तौर पर अपनी त्वचा का प्रदर्शन करना भी प्रतिबंधित था। इन पाबंदियों का उल्लंघन करने पर कोड़े मारने और पत्थर मार-मार कर हत्या कर देने जैसी सजाओं का प्रावधान था। रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन ने नवम्बर 2001 में अमेरिका की अपनी यात्रा के दौरान टेक्सास के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा था कि दरअसल अफगानिस्तान में महिलाओं के साथ मनुष्यों जैसा बर्ताव नहीं होता। दिसंबर 2001 में जब जॉर्ज डब्लू बुश ने अफगानी महिलाओं और बच्चों की सहायता के लिए फण्ड स्वीकृत किए थे तब लारा बुश का कथन था कि आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई महिलाओं के अधिकारों और उनकी गरिमा की रक्षा के लिए संघर्ष भी है।

किंतु अब जैसा जाहिर हो रहा है कि विश्व की इन महाशक्तियों की प्रतिबद्धता अपने सामरिक-कूटनीतिक हितों के प्रति हमेशा ही रही है, अफगानी स्त्रियों की स्थिति में सुधार लाने के इनके प्रयास सदैव एक आनुषंगिक रणनीति का भाग मात्र रहे हैं। अपनी नई पारी में तालिबानी हुक्मरानों के तेवर बदले नहीं हैं। आतंकवादियों से निर्मित तालिबान कैबिनेट में न तो कोई महिला सदस्य है न ही महिलाओं के लिए कोई मंत्रालय। हिंसा की शिकार महिलाओं के लिए बनाए गए सुरक्षा केंद्रों तथा महिला मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के लिए निर्मित सुरक्षित आवासों को निशाना बनाया जा रहा है। यदि वर्ष के प्रथम छह महीनों को आधार बनाया जाए तो 2021 के पहले छह महीनों में अफगानिस्तान में हताहत महिलाओं और बच्चों की संख्या 2009 के बाद से किसी वर्ष हेतु अधिकतम संख्या है। यूएन रिफ्यूजी एजेंसी के अनुसार 2021 में अब तक लगभग 3 लाख 30 हजार अफगानी युद्ध के कारण विस्थापित हुए हैं और चौंकाने वाली बात यह है कि पलायन करने वालों में 80 प्रतिशत महिलाएं हैं जिनके साथ उनके अबोध और मासूम शिशु भी हैं।अफगानी महिलाओं की एक पूरी पीढ़ी स्वतंत्र वातावरण में पली-बढ़ी है। उसे तालिबान के अत्याचारों का अनुभव नहीं है। इनके लिए तालिबानी शासन एक अप्रत्याशित आघात की भांति है। जब वे देखती हैं कि तालिबानी अपने लड़ाकों की यौन परितुष्टि के लिए बारह से पैंतालीस वर्ष की आयु की महिलाओं की सूची बना रहे हैं, अचानक महिलाओं को खास तरह की पोशाक पहनने के लिए बाध्य किया जा रहा है, उन्हें नेतृत्वकारी स्थिति से हटाकर छोटी और महत्वहीन भूमिकाएं दी जा रही हैं तो उन्हें ऐसा लगता है कि जो कुछ थोड़ी बहुत स्वतंत्रता उन्होंने हासिल की है वह न केवल छीनी जा रही है बल्कि इस स्वतंत्रता के अब तक किए उपभोग का दंड उनकी प्रतीक्षा कर रहा है।यद्यपि 17 अगस्त 2021 को तालिबान के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने कहा- शरीया कानून के मुताबिक हम महिलाओं को काम की इजाजत देंगे। महिलाएं समाज का एक महत्वपूर्ण अंग हैं और हम उनका सम्मान करते हैं। जीवन के सभी क्षेत्रों में- जहां भी उनकी आवश्यकता होगी- उनकी सक्रिय उपस्थिति होगी। किंतु तालिबान जिस शरीया कानून का पालन करता है वह विश्व के अन्य मुस्लिम देशों को भी स्वीकार्य नहीं है और इसमें महिलाओं के लिए जो कुछ है वह केवल अनुशासनात्मक और दंडात्मक है। कठोर प्रतिबंध और इनका पालन करने में असफल रहने पर क्रूर एवं अमानवीय दंड इसका मूल भाव है। महिलाओं के लिए सबसे भयानक परिस्थिति यौन दासता की होगी। लड़ाकों को तालिबान के प्रति आकर्षित करने के लिए उन्हें महिलाएं भेंट की जाती रही हैं। हालांकि इसे शादी का नाम दिया जाता है लेकिन यह है प्रच्छन्न यौन दासता ही। तालिबानियों द्वारा महिलाओं का यौन शोषण जिनेवा कन्वेंशन के अनुच्छेद 27 का खुला उल्लंघन है। वर्ष 2008 में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा प्रस्ताव 1820 के माध्यम से बलात्कार और अन्य प्रकार की यौन हिंसा को युद्ध अपराध तथा मानवता के विरुद्ध कृत्य का दर्जा दिया गया है। किंतु शायद कबीलाई मानसिकता से संचालित तालिबान के लिए अंतरराष्ट्रीय दबाव बहुत अधिक मायने नहीं रखता।

ह्यूमन राइट्स वाच की एसोसिएट एशिया डायरेक्टर पैट्रिशिया गॉसमैन अंतरराष्ट्रीय समुदाय से हस्तक्षेप की अपील करते हुए कहती हैं कि एलिमिनेशन ऑफ वायलेंस अगेंस्ट वीमेन कानून को सख्ती से लागू कराने के लिए विश्व के सभी देशों को अफगानिस्तान की सरकार पर दबाव बनाना चाहिए। अफगानिस्तान से विदेशी सेनाओं के हटने का एक परिणाम यह भी होगा कि अफगानिस्तान को मिलने वाली सहायता में कमी आएगी और अंतरराष्ट्रीय समुदाय की रुचि इस मुल्क के प्रति घटेगी। इसका सर्वाधिक प्रभाव महिलाओं पर पड़ेगा क्योंकि उनकी आवाज़ को मिलने वाला अंतरराष्ट्रीय समर्थन अब उपलब्ध नहीं होगा।संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद की प्रमुख मिशेल बचेलेट ने अगस्त 2021 में परिषद के आपात अधिवेशन को संबोधित करते हुए नए तालिबानी शासकों को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि महिलाओं और लड़कियों के साथ किया जाने वाला व्यवहार वह आधारभूत लक्ष्मण रेखा है जिसका उल्लंघन करने पर तालिबानियों को गंभीर दुष्परिणाम भुगतने होंगे। लेकिन यह कठोर भाषा आचरण में परिवर्तित होती नहीं दिखती। अफगानिस्तान इंडिपेंडेंट ह्यूमन राइट्स कमीशन की प्रमुख शहरज़ाद अकबर के अनुसार अफगानिस्तान अपने सबसे बुरे दौर में है और उसे अंतरराष्ट्रीय समुदाय की सहायता की जैसी जरूरत अब है वैसी पहले कभी न थी। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के मसौदा प्रस्ताव को हास्यास्पद बताया।अफगानिस्तान के मौजूदा हालात उन लोगों के लिए एक सबक हैं जो धर्म को सत्ता संचालन का आधार बनाना चाहते हैं। परिस्थितियां ऐसी बन रही हैं कि धार्मिक कट्टरता को परास्त कर समानतामूलक लोकतांत्रिक समाज की स्थापना के लिए भावी निर्णायक संघर्ष का नेतृत्व शायद अब महिलाओं को ही संभालना पड़ेगा। महिलाओं की अपनी मुक्ति शायद पितृसत्तात्मक शोषण तंत्र का शिकार होने वाले करोड़ों लोगों की आजादी का मार्ग भी प्रशस्त कर सके।

# ऑस्ट्रेलिया की सरजमीं पर भारतीय बल्लेबाजों का कमाल

## 2018 के बाद खड़ा किया कंगारू टीम के खिलाफ सबसे बड़ा टोटल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली जा रही तीन मैचों की वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले में भारतीय बल्लेबाजों ने कंगारू गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। टॉस हारने के बाद पहले बैटिंग करते हुए टीम इंडिया ने स्मृति मंधाना की 86 और ऋचा घोष की 44 रनों की पारी की बदौलत 50 ओवर में 7 विकेट खोकर 274 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया है।

वनडे में लगातार 25 जीत दर्ज कर चुकी मेग लेनिंग की टीम को इस मुकाबले को जीतने के लिए 275 रन बनाने होंगे। ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ खेलते हुए 2018 से लेकर अबतक किसी भी टीम द्वारा बनाया सर्वाधिक स्कोर है। ऑस्ट्रेलिया के विजय रथ का आगाज 2018 में हुआ था और उसके बाद से टीम अबतक लगातार 25 वनडे मैच जीत चुकी है। इस दौरान कोई भी ऑस्ट्रेलिया के सामने 270 से ज्यादा का लक्ष्य रखने में सफल नहीं हुई थी। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी टीम इंडिया को शेफाली वर्मा और मंधाना ने ताबड़तोड़ शुरुआत दी और पहले विकेट के लिए महज 11 ओवर में 74 रन जोड़े। शेफाली 22 रन बनाकर मोलिनेक्स का शिकार बनीं। इसके बाद क्रीज पर उतरी कप्तान मिताली राज कुछ खास कमामल नहीं दिखा सकीं और सिर्फ 8 रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद मंधाना को ऋचा घोष का अच्छा साथ मिला और दोनों ने चौथे विकेट के लिए 76 रनों की साझेदारी जमाई। मंधाना हालांकि अपने शतक से चूक गईं और 86 रन बनाकर तालहिया मैक्ग्रा का शिकार बनीं। ऋचा 44 रन बनाने के बाद मैक्ग्रा की ही गेंद पर क्लीन बोल्ड होकर चलती बनीं।

पहले वनडे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया का प्रदर्शन लाजवाब रहा था और कंगारू टीम ने भारतीय टीम को चारों खाने चित किया था। पहले बैटिंग करते हुए टीम इंडिया ने 8 विकेट गंवाकर 225 रन बनाए थे, जिसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने महज एक विकेट खोकर 227 रन बनाकर मैच जीत लिया था। टीम इंडिया को इस दौरे पर तीन वनडे, एक टेस्ट और तीन टी-20 मैचों की सीरीज खेलनी है।





## ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के खिलाफ जमकर चला स्मृति मंधाना का बल्ला, खेली दिल जीत लेने वाली पारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज का दूसरा वनडे आज खेला जा रहा है। भारत की तरफ से स्मृति मंधाना ने 86 रनों की पारी खेली। हालांकि वो शतक से चूक गईं। लेकिन उनकी पारी की बदौलत भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दूसरे वनडे में 50 ओवर में 7 विकेट पर 274 रन बनाए। मंधाना ने अपनी पारी में 11 चौके लगाए। स्मृति मंधाना ने अपने वनडे करियर की 19 वीं फिफ्टी जड़ी। हालांकि वो शतक से चूक गई लेकिन अपनी पारी से उन्होंने सबका दिल जीत लिया। आस्ट्रेलिया की तरफ से ताहलिया मैकग्रा ने 45 रन देकर तीन विकेट लिए। मंधाना ने ऋचा घोष के साथ 76 रनों की और शेफाली वर्मा के साथ 74 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी भी की। साल 2018 में ऑस्ट्रेलिया के लगातार 25 मैच जीतने के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ये सर्वाधिक स्कोर है। दूसरे वनडे में भारत को स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 74 रनों की पार्टनरशिप हुई। शेफाली 22 रन बनाकर आउट हुई। बाएं हाथ की ओपनर स्मृति मंधाना ने 94 गेंदों में 86 रन बनाए।

गौरतलब है कि पहले वनडे में मेजबान ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 9 विकेट जीता था। ऑस्ट्रेलिया इस समय सीरीज में 1-0 से आगे चल रही है। मेजबान ऑस्ट्रेलिया ने वनडे में लगातार 25 मैच जीते हैं। अब देखना होगा कि क्या भारत उसके जीत के सिलसिले को रोक पाएगी। खबर लिखे जाने तक ऑस्ट्रेलिया ने 275 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 24 ओवर में 4 विकेट खोकर 81 रन बना लिए हैं।

## टी नटराजन की रिप्लेसमेंट के तौर पर सनराइजर्स हैदराबाद ने उमरान मलिक को किया टीम में शामिल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने कोरोना की चपेट में आए तेज गेंदबाज टी नटराजन की शॉर्ट टर्म रिप्लेसमेंट के तौर पर उमरान मलिक को टीम में शामिल किया है।

उमरान जम्मू कश्मीर की तरफ से घरेलू क्रिकेट खेलते हैं और उन्होंने अबतक महज एक टी-20 मैच ही खेला है। नटराजन दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेले गए मैच से पहले कोविड पॉजिटिव पाए गए थे, जिसके बाद उनके साथ विजय शंकर समेत छह टीम मेंबर को क्वारंटाइन किया गया था। टी नटराजन कोरोना से रिकवरी कर रहे हैं और वह फिट होकर दोबारा से टीम को जॉइन करेंगे। गुरुवार को जॉनी बेयरस्टो की जगह पर टीम में शामिल किए गए शेरफेन रदरफोर्ड पिता का निधन होने की वजह से हैदराबाद का बायो-बबल छोड़कर स्वदेश लौट गए थे।

केन विलियमसन की कप्तानी में एसआरएच का प्रदर्शन काफी निराशाजनक रहा है और टीम अबतक खेले 8 मैचों में से सिर्फ एक में जीत हासिल कर सकी है, जबकि 7 मुकाबलों में टीम को हार झेलनी पड़ी है। दिल्ली कैपिटल्स के हाथों टीम को यूएई लेग के अपने पहले मैच में 8 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था।

हैदराबाद की टीम इस समय प्वॉइंट टेबल में सबसे नीचे यानी आठवें नंबर पर काबिज है और दिल्ली के खिलाफ मिली हार के बाद टीम के प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें भी लगभग खत्म हो चुकी है। प्लेऑफ में अपनी जगह बनाने के लिए हैदराबाद को बचे हुए सारे मैचों में जीत दर्ज करनी होगी और साथ ही यह उम्मीद करनी होगी कि बाकी टीमें भी खराब प्रदर्शन करें। आखिरी मैच में टीम का बैटिंग ऑर्डर ताश के पत्तों की तरह बिखर गया था और डेविड वॉर्नर, कप्तान विलियमसन और मनीष पांडे जैसे धाकड़ बल्लेबाज कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके थे।

## वेंकटेश अय्यर की बैटिंग के मुरीद हुए केआर के हेड कोच ब्रैंडन मैक्कुलम, एडम गिलक्रिस्ट से की तुलना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग(आईपीएल)2021 के दूसरे फेज में कोलकाता नाइट राइडर्स के सलामी बल्लेबाज वेंकटेश अय्यर ने अपनी बैटिंग से प्रभावित किया है। उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और मुंबई इंडियंस के खिलाफ धमाकेदार पारी खेली हैं। टीम की जीत में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। अय्यर ने आरसीबी के खिलाफ 41 और मुंबई इंडियंस के खिलाफ 53 रनों की पारी खेली। केकेआर अब प्वॉइंट टेबल में चौथे स्थान पर आ गई है और प्लेऑफ में पहुंचने की मजबूत दावेदार लग रही है। केकेआर के हेड कोच ब्रैंडन मैक्कुलम वेंकटेश अय्यर के प्रदर्शन से काफी खुश हैं। उन्होंने कहा कि वो मैदान के चारों तरफ शॉट खेल सकते हैं। उन्होंने कहा कि वो उनमें एडम गिलक्रिस्ट जैसे खिलाड़ी के तौर पर विकसित होने की क्षमता है। स्टार स्पोर्ट्स में केकेआर और मुंबई के बीच चल रहे मैच के दौरान मैक्कुलम ने कहा,' मुझे लगता है कि जब वह चालू होते हैं तो उसके पास गेम जीतने की क्षमता होती है। वह उन खिलाड़ियों में से हो सकता है जो सौ, सौ, शून्य, शून्य पर जाते हैं। जैसा कि एडम गिलक्रिस्ट जैसा। उसके बारे में यही कुछ मिला है।' आईपीएल 2021 के पहले फेज में केकेआर के सलामी बल्लेबाज पावर प्ले में नाकाम रहे। आईपीएल 2021 के दूसरे फेज में मैनेजमेंट ने वेंकटेश को शुभमन गिल के साथ सलामी जोड़ी के तौर पर उतारा। मैक्कुलम ने दोनो सलामी बल्लेबाजों की तारीफ की।



उन्होंने आगे कहा कि वेंकटेश अय्यर एक बेहद बुद्धिमान खिलाड़ी है और साथ ही अपेक्षाकृत अनुभवहीन भी है। मुझे लगता है कि शुभमन गिल के साथ संयोजन कुछ ऐसा है जो मुझे एक साथी शीर्ष क्रम के बल्लेबाज के रूप में उत्साहित करता है, जिस तरह से वे एक-दूसरे का साथ निभाते हैं। गुरुवार को खेले गए मैच की बात करें तो मुंबई इंडियंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट खोकर 155 रन बनाए। इस लक्ष्य को केकेआर ने 19 वें ओवर में तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया।

# उद्यमियों ने दिलाई कालीन नगरी के रूप में पहचान : सांसद

**एक्सपो मार्ट में एक्सपोर्टर्स कांक्लेव उत्सव का आयोजन, सांसद ने कहा-लोकसभा में उठाई जाएंगी कालीन व्यापार से जुड़े उद्यमियों की समस्याएं**

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** आजादी की 75वीं वर्षगाठ के उपलक्ष्य में भारत सरकार द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव मनाए जाने के क्रम में उद्योग विभाग द्वारा आज 'वाणिज्य एवं विदेश व्यापार विभाग, भारत सरकार के निर्देश के एक्सपोर्टर्स कांक्लेव उत्सव' कार्यक्रम के तहत जनपद के उद्यमियों को प्रोत्साहित करने एवं उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए एक्सपो मार्ट भदोही में एक सेमिनार का आयोजन किया गया।सेमिनार में सांसद रमेशचंद बिंद ने कहा कि पूरे विश्व में भदोही जनपद की कालीन मशहूर है। इसके लिए उन्होंने जनपद के सभी उद्यमियों के प्रयासों को सराहा। कहा कि उधमियों की जो भी समस्याएं हैं, उनको समन्वित रूप से मुझे बनाकर दें। मैं इस संबंध में केंद्र सरकार/राज्य सरकार से बात करूंगा। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो मैं आपकी आवाज को लोकसभा में भी उठाऊंगा। सांसद ने विंध्याचल मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र, जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने जनपद के उद्यमियों द्वारा अपने-अपने उत्पादों से संबंधित लगाये गये स्टालों का निरीक्षण करते हुए उत्पादों का अवलोकन कर आवश्यक जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित रोस्टर के अनुरूप विद्युत आपूर्ति एवं सडक आपको उपलब्ध कराएंगे। आपकी समस्याओं को हम सब लोग मिलकर शासन तक पहॅुचाने का कार्य करेंगे।जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा उद्यमियों की परेशानियों को दूर करने एवं प्रशासन से सहयोग की अपेक्षा के दृष्टिगत उद्योग बंधु की बैठक का आयोजन किया जाता हैं। उन्होंने कहा कि एक स्कीम के तहत सारे जर्जर पोलों और तारों को यथाशीघ्र बदलवा दिया जाएगा। बारिश समाप्त हो चुकी है, जल्द ही सडकों को दुरुस्त कर दिया जाएगा। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, एसपी रामबदन सिंह, जीआई एक्सपर्ट रजनीकांत मिश्र, डीजीएफटी गगनदीप सिंह, संयुक्त आयुक्त उद्योग विंध्याचल मंडल उमेश कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष विनय श्रीवास्तव एवं एकमा परिषद के अध्यक्ष ने संबोधित किया। इस अवसर पर उमर हमीद, सीईपीसी के नव निर्वाचित सदस्य वासिफ अंसारी, अनिल सिंह, अशलम महबूब, इम्तियाज अंसारी, रोहित गुप्ता, सूर्यमणि तिवारी, श्रीराम मौर्य, दर्पण बरनवाल के अलावा एकमा के अध्यक्ष ओएन मिश्र, संजय गुप्ता, यादवेंद्र राय काका, उमेश कुमार गुप्त पंकज बरनवाल, जिला उद्योग अधिकारी हरेन्द्र प्रताप, उप जिलाधिकारी भदोही आशीष मिश्र, जिला सूचना अधिकारी प्रवीण मालवीय एवं संबंधित अधिकारी, कालीन व्यापार से जुड़े लोग मौजूद रहे। संचालक पियूष बरनवाल ने किया।





# पूर्व सपा विधायक जाहिद बेग के खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट

**प्रयागराज की एमपी-एमएलए अदालत ने जारी किया गिरफ्तारी का सम्मन, जनहित के मसले में संघर्ष के दौरान 1998 में भदोही कोतवाली में दर्ज हुआ था मुकदमा**

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** उत्तर प्रदेश के भदोही जिले के पूर्व सपा विधायक जाहिद जमाल बेग के खिलाफ एमपी-एमएलए अदालत की तरफ से गिरफ्तारी का गैरजमानती सम्मन जारी हुआ है। एक जनहित के मसले को लेकर 1998 में संघर्ष के दौरान भदोही कोतवाली में यह मामला दर्ज किया गया था। बेग सपा प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के बेहद करीबी माने जाते हैं। समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक जाहिद बेग को अदालत की तरफ से 30 सितंबर को पेश होने को कहा गया है। गैर जमानती वारंट जारी किये जाने पर पूर्व विधायक की मुश्किलें बढ़ गई हैं। 2012 से 2917 तक भदोही से समाजवादी पार्टी से विधायक रहे जाहिद जमाल बेग पहले से ही समाजवादी पार्टी के लिए संघर्ष करते रहे हैं। साल 1998 में भदोही कोतवाली में पूर्व विधायक पर अपराध संख्या 636ध्98 के मुकदमे में आईपीसी की धारा 147, 353, 341, 188, 504 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।इसी मामलें में प्रयागराज की स्पेशल एमपी-एमएलए अदालत ने पूर्व विधायक के खिलाफ गिरफ्तारी का सम्मन जारी किया है। पूर्व विधायक ने यह बात स्वीकारी है कि अदालत की तरफ से सम्मन जारी हुआ है और 30 सितंबर को पेशी है। पूर्व विधायक अखिलेश यादव के बेहद करीबी माने जाते हैं। हाल में अखलेश यादव के भदोही आगमन पर भी बेग काफी सुर्खियों में रहे। विधायक के पिता युसूफ बेग भदोही से सांसद भी रहे। समाजवादी सरकार में जाहिद बेग विधायक आवास से विधानसभा साइकिल से पहुंचते थे। उस दौरान इस खबर को लेकर काफी सुर्खियों में रहे। फिलहाल अदालत की तरफ से गैर जमानती सम्मन जारी होने से पूर्व विधायक की मुश्किलें बढ़ गईं हैं।

# लापता होने के दूसरे दिन कुएं में मिला विवाहिता का शव

**अखंड भारत संदेश**

**औराई।** थाना क्षेत्र के ग्राम खेतलपुर में एक विवाहिता का शव कुएं से बरामद हुआ है। बताया जाता है कि उक्त विवाहिता एक दिन पहले संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गई थी। उसकी तबियत ठीक नहीं चल रही थी। उसका इलाज मायके में चल रहा था। फिलहाल सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयनाकर शव को चीरघर भेज दिया है। विवाहिता की पहचान सीता देवी (25) पुत्री राम सजीवन (निवासी खेतलपुर) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सीता देवी की शादी एक साल पहले धर्मेंद्र पटेल (निवासी अमिनी, थाना मिर्जामुराद) के साथ हुई थी। परिजनों के अनुसार विवाहिता मानसिक रूप से बीमार चल रही थी। उसका इलाज मायके में ही करवाया जा रहा था। मायके पक्ष के मुताबिक सीता देवी 23 सितंबर को घर से लापता हो गई थी। सीता के घर से गायब होने पर परिजनोंने खोजबीन शुरू की, पर कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद भी परिजनों की तलाश जारी थी। इधर, आज खेतलपुर गांव के पूर्वी छोर पर स्थित एक कुएं से उसका शव बरामद हुआ है। सूचना पर थाना औराई की पुलिस द्वारा शव को कुएं से बाहर निकाल कर कब्जे में लेकर पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# रा.शै.म.सं का प्रतिनिधि मंडल बीएसए से मिल समस्याओं से कराया अवगत

**सौंपा शिक्षकों की समस्याओं से संबंधित छह सूत्रीय मांग पत्र**

**अखंड भारत संदेश**

**ज्ञानपुर।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ भदोही का एक प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष भदोही धीरज सिंह के नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह से मिलकर उन्हें शिक्षकों की समस्याओं से अवगत कराते हुए एक पत्रक सौंपा।

बेसिक शिक्षा अधिकारी को सौंपे गये पत्रक में मांग किया गया है कि शिक्षकों को प्रति सेवा वर्ष देय एक दिन के उपार्जित अवकाश का अंकन मानव सम्पदा पर तत्काल कराया जाए। निरीक्षण में अनुपस्थित ऐसे शिक्षकों जिनका स्पष्टीकरण विभाग को प्राप्त हो गया है, उनका वेतन बहाल किया जाय। सुप्रीम कोर्ट एवं हाई कोर्ट के दिशा निर्देश के अनुपालन में शिक्षकों को बीएलओ ड्यूटी, राशन वितरण ड्यूटी समेत अन्य गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त किया जाय। डीबीटी डाटा फीडिंग का कार्य शिक्षकों से ना करा कर बीआरसी पर तैनात प्रशिक्षित कंप्यूटर आपरेटरों से कराया जाए। नवनियुक्त शिक्षकों के देयक के भुगतान एवं सत्यापन का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के संबंध में मध्यान भोजन निर्माण हेतु कोटेदार द्वारा राशन विद्यालय को समय से प्राप्त कराया जाय। जिस पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भुपेंद्र नारायण सिंह ने मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में संगठन के महामंत्री क्रांतिमान शुक्ला, संगठन मंत्री रितेश तिवारी, संयुक्त महामंत्री देवेन्द्र विश्वास, कोषाध्यक्ष सुरेश मौर्य, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष शिल्पी अग्रवाल, ब्लॉक अध्यक्ष ज्ञानपुर प्रतीक मालवीय, महामंत्री ज्ञानपुर, अरुण यति, ब्लॉक अध्यक्ष डीघ मनीष पांडेय, ब्लॉक महामंत्री डीघ भूपेंद्र सिंह, संयोजक औराई ब्लॉक राज कुमार दुबे, सह संयोजक औराई ब्लॉक बृजेश सरोज, ब्लॉक संयोजक भदोही अजय सिंह, रत्नेश रॉय आदि शामिल रहे।



# आज मनाया जाएगा गरीब कल्याण दिवस, उठाएं लाभ

**ब्लाकवार लगाए जाएंगे कैंप, कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने से संग दिया जाएगा योजनाओं का लाभ**

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** 25 सितंबर को जनपद में गरीब कल्याण दिवस का आयोजन किया जाएगा। ब्लाकवार आयोजित इस कार्यक्रम में सभी विभागों की कल्याणकारी योजनाओं से लाभार्थियों को लाभांवित किए जाने के लिए कैंपों का आयोजन भी किया जाएगा।मुख्य विकास अधिकारी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि जनपद में विकास खंडवार कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के उद्देश्य से कैंप का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कैंप के आयोजन के लिए विकास खंड स्तर पर नोडल अधिकारी नामित किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, शौचालय, स्वच्छ पेयजल, उज्ज्वला-2 योजना के तहत गैस कनेक्शन दिये जाने की व्यवस्था की जाएगी, साथ ही विधवा, वृद्धावस्था, दिव्यांग पेशन के कैंप आयोजित किए जाएंगे। गरीब बालिकाओं के विवाह के लिए संचालित योजना का लाभ दिया जाएगा। सीएमओ, पीडी, उपायुक्त, श्रम एवं रोजगार, एनआरएलएम, पशुपालन, कृषि, जलनिगम, आपूर्ति, सेवायोजन, बेसिक शिक्षा, समाज कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, प्रोबेशन, दुग्ध विकास, श्रम, महिला एवं बाल विकास, पंचायतीराज, सहकारिता, उद्योग, खादी ग्रामोद्योग, कौशल विकास, मत्स्य, लीड बैंक तथा सभी बीडीओ को मेले के संबंध में आयोजन में आवश्यक व्यवस्था करने का निर्देश दिया है।

# पीएम मोदी ने कमला हैरिस समेत दुनिया के शीर्ष नेताओं को दिए उपहार, काशी से है कनेक्शन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिकी यात्रा के दौरान प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के साथ द्विपक्षीय वार्ता के दौरान उन्हें कुछ खास उपहार भेंट किए। कमला हैरिस के अलावा पीएम मोदी ने जापान और ऑस्ट्रेलिया के पीएम को भी उपहार भेंट किए। इन सभी उपहारों का काशी से खास कनेक्शन है।पीएम मोदी ने अमेरिका के उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को उनके दादा पीवी गोपालन से संबंधित पुरानी अधिसूचनाओं से संबंधित लकड़ी के हस्तशिल्प के फ्रेम की कॉपी भेंट की। बता दें कि सरकारी अधिकारी के तौर पर पीवी



गोपालन को ये फ्रेम सेवाकाल के दौरान सराहनीय कार्य के लिए दिया गया था। एक रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी ने कमला हैरिस को एक गुलाबी मीनाकारी शतरंज का सेट भी भेंट किया। ये शतरंज दुनिया के सबसे पुराने शहरों में से एक काशी के हस्त शिल्प कला से जुड़ा है। बता दें कि पीएम मोदी काशी से निर्वाचित सांसद भी हैं।इस शतरंज सेट पर हस्तशिल्प की कलाकारी की गई है। जबकि इसके चमकीले रंग काशी की जीवंतता को दर्शाते हैं। गुरुवार को पीएम मोदी और कमला हैरिस ने व्हाइट हाउस में लंबी बातचीत की और भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत करने, कोविड -19 और अन्य वैश्विक मुद्दों से निपटने के लिए एक संयुक्त बयान जारी किया।

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने मुलाकात के दौरान कमला हैरिस को दुनिया भर के कई लोगों के लिए ठप्रेरणा का स्रोतठ बताया और विश्वास जताया कि राष्ट्रपति जो बाइडेन और उनके नेतृत्व में भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय संबंध नई ऊंचाइयों को छूएंगे। इसके बाद पीएम मोदी ने अन्य क्वाड नेताओं भी मुलाकात की। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई प्रधान मंत्री स्कॉट मॉरिसन को एक चांदी का गुलाबी मीनाकारी जहाज उपहार में दिया, ये हस्तशिल्प काशी शहर की प्रगति को दर्शाता है। पीएम मोदी ने जापान के प्रधान मंत्री योशीहिदे सुगा को चंदन की बुद्ध प्रतिमा भेंट की। पीएम ने कहा कि भारत और जापान को एक साथ लाने में बौद्ध धर्म बहुत बड़ी भूमिका निभाता है। भगवान बुद्ध के विचार जापान की संस्कृति को दर्शाता है। जापान की अपनी पिछली यात्राओं के दौरान भी पीएम मोदी वहां बौद्ध मंदिरों का दौरा कर चुके हैं।

## पंजाब के मंत्रियों की लिस्ट लगभग तैयार, फिर दिल्ली बुलाए गए मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पंजाब में कांग्रेस की नई सरकार के नए मंत्रियों की लिस्ट लगभग तैयार हो गई है। इस बीच हाईकमान ने अंतिम दौर की चर्चा के लिए मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को एक बार फिर दिल्ली तलब किया है। गुरुवार देर रात तक राहुल गांधी के साथ चर्चा के बाद एक बार फिर चन्नी कैबिनेट विस्तार पर पार्टी के पूर्व अध्यक्ष के साथ बातचीत करेंगे।कैबिनेट से चर्चा के अलावा नए डीजीपी के नाम पर भी चर्चा हो सकती है। सूत्रों का कहना है कि प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू को भी चन्नी के साथ दिल्ली बुलाया गया है। रात 2 बजे तक राहुल गांधी के साथ मंथन के बाद शुक्रवार सुबह चन्नी चंडीगढ़ लौट गए। सूत्रों के मुताबिक, नामों सहमति बन



चुकी है और सूची जारी करने से पहले सुनील जाखड़ सहित प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं से फीडबैक लिया जा रहा है।

सूत्रों ने बताया कि कैबिनेट में कुछ नए चेहरों को शामिल किए जाने की संभावना है। परगट सिंह, राजकुमार वेरका, गुरकीरत सिंह कोटली, संगत सिंह गिलजियान, सुरजीत धीमान, अमरिंदर सिंह राजा वरिंग और कुलजीत सिंह नागरा के मंत्री बनने के कयास लगाए जा रहे हैं। परगट सिंह को सिद्धू का करीबी माना जाता है और वर्तमान में वह पंजाब कांग्रेस के महासचिव हैं और गिलजियान पार्टी की राज्य इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष हैं।

## 'मोदी जी से मीटिंग में उठाना किसानों का मुद्दा', राकेश टिकैत ने ट्वीट कर की जो बाइडेन से अपील



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तीन नए कृषि कानूनों के खिलाफ चल रहे किसान आंदोलन के नेता राकेश टिकैत के एक ट्वीट से नया विवाद खड़ा हो गया है। शुक्रवार को राकेश टिकैत ने एक ट्वीट कर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से मदद मांगी है और कहा है कि वे तीन कृषि कानूनों को रद्द कराने में दखल दें। जो बाइडेन को टैग करते हुए राकेश टिकैत ने लिखा, 'प्रिय जो बाइडेन, हम भारतीय किसान मोदी सरकार की ओर से लाए गए तीन कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं। आंदोलन करते हुए बीते 11 महीने में 700 किसानों की मौत हो चुकी है। इन कानूनों को हमारे बचाव के लिए वापस लिया जाना चाहिए। पीएम नरेंद्र मोदी से मीटिंग के दौरान हमारी चिंताओं का भी ख्याल रखें। उनके इस ट्वीट के बाद से ट्विटर पर ट्विटर पर ट्रेंड कर रहा है। शुक्रवार को ही पीएम नरेंद्र मोदी की क्वाड देशों के नेताओं से मुलाकात होने वाली है। इन देशों में भारत और अमेरिका के अलावा जापान एवं ऑस्ट्रेलिया भी शामिल हैं। किसानों को तीन कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन करते हुए करीब एक साल पूरा होने वाला है। बीते साल अक्टूबर की शुरुआत में ही इस आंदोलन की शुरुआत हो गई थी। इसी साल की शुरुआत में पॉप स्टार रिहाना, ग्रेटा थनबर्ग और पोर्न स्टार मिया खलीफा समेत कई विदेशी हस्तियों ने इन कानूनों को लेकर टिप्पणी की थी।

तब इस बात को लेकर विवाद छिड़ गया था कि आखिर गैर-भारतीय लोग इस मसले पर टिप्पणी क्यों कर रहे हैं। यही नहीं ग्रेटा थनबर्ग इस मामले में एक टूलकिट शेयर कर घिर गई थीं। यही नहीं टूलकिट केस की जांच के दौरान दिल्ली पुलिस ने कई लोगों को अरेस्ट भी किया था। अब राकेश टिकैत की ओर से अमेरिकी राष्ट्रपति से अपील के चलते विवाद छिड़ सकता है। दरअसल दूसरे देश के प्रमुख की ओर से इस मामले में दखल की अपील किए जाने को लेकर वह घिर सकते हैं। राकेश टिकैत के ट्वीट को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा की सदस्य कविता कुरुगांती ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समर्थन हासिल करना इस आंदोलन के हर स्तर पर मजबूत होने के लिए जरूरी है। मैं निजी तौर पर मानती हूं कि इसमें कुछ भी गलत नहीं है।

## पंजाब में अमरिंदर के बाद राजस्थान में गहलोत की होगी छुट्टी सप्ताह में दूसरी बार राहुल-प्रियंका से मिले सचिन पायलट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पंजाब में कांग्रेस पार्टी की ओर से कैप्टन अमरिंदर सिंह को मुख्यमंत्री पद से हटाए जाने के बाद राजस्थान और छत्तीसगढ़ में बदलाव की अटकले हैं। इस बीच राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री और सीएम अशोक गहलोत से लंबे समय से मतभेद रखने वाले सचिन पायलट ने शुक्रवार को राहुल गांधी और प्रियंका गांधी से मुलाकात की है। तीनों नेताओं के बीच यह एक सप्ताह के बीच दूसरी मुलाकात है। सूत्रों का यह भी कहना है कि गुजरात जैसे किसी चुनावी राज्य में पायलट को संगठनात्मक जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। पायलट की दिल्ली दरबार में एक सप्ताह के भीतर दो बार हाजिरी से उन अटकलों को भी बल मिला है, जिनमें कहा जा रहा है कि गुजरात और छत्तीसगढ़ में भी नेतृत्व परिवर्तन हो सकता है।

सचिन पायलट पिछले साल से ही अशोक गहलोत से नाराज हैं और बगावत का बिगुल फूंक चुके हैं। उनका बीजेपी में जाना लगभग तय माना जा रहा था।

# असम में पुलिस की कार्रवाई पर क्यों भड़के लोग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** असम के दरंग जिले में गुरुवार को अतिक्रमण हटाने के दौरान हिंसक संघर्ष में मरने वालों की तादाद तीन हो गई है. पुलिस फायरिंग के विरोध में शुक्रवार को इलाके में 12 घंटे बंद रखा गया. आखिर यह मामला इतना क्यों बढ़ गया.शुक्रवार को बंद के दौरान पथराव और पुलिस के वाहनों पर हमले की छिटपुट घटनाओं की खबरें मिलीं. राज्य सरकार ने इस घटना की न्यायिक जांच के आदेश दे दिए हैं. बीजेपी ने इस हिंसा के पीछे इस्लामी संगठन पॉपुलर फ्रंट आफ इंडिया (पीएफआई) समेत कुछ अन्य राजनीतिक ताकतों का हाथ होने का संदेह जताया है. प्रभावित क्षेत्र में भारी तादाद में सुरक्षाबलों को तैनात किया गया है. इलाके का दौरा करने जा रहे कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल को भी रोक दिया गया है. क्या है मामला असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बीती 10 मई को सत्ता संभालने के बाद ही राज्य में सरकारी जमीन पर अवैध अतिक्रमण हटाने का एलान किया था. उसी के तहत राज्य के विभिन्न हिस्सों में ऐसी कार्रवाई की जा रही है. पहले भी कुछ इलाकों में इस दौरान हिंसक झड़पें हुई थी. इसी कवायद के तहत गुरुवार को भारी पुलिस बल के साथ दरंग जिले के सिपाझार इलाके में अवैध अतिक्रण हटाने की कार्रवाई शुरू की गई थी. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक अतिक्रमणकारियों ने पुलिस की टीम पर पथराव किया और लाठियों और दूसरे धारदार





हथियारों के साथ हमला बोल दिया. इसके जवाब में पुलिस ने फायरिंग की जिसमें दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और कम से कम दो दर्जन लोग घायल हो गए. इनमें आठ पुलिस वाले भी शामिल हैं. बाद में एक घायल ने अस्पताल में दम तोड़ दिया.

हिंसक झड़प के दौरान एक मृतक के शरीर पर कूदने के आरोप में पुलिस के एक फोटोग्राफर विजय बनिया को भी गिरफ्तार कर लिया गया है. इस घटना का वीडियो और तस्वीरें कल शाम सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थीं. इस वीडियो में एक व्यक्ति पुलिसवाले के पीछे लाठी लेकर दौड़ता नजर आ रहा है. लेकिन उसे घेर कर जब बाकी पुलिसवाले उस पर लाठी बरसाते हैं तो वह अधमरा हो जाता है. उसके बाद पुलिस का फोटोग्राफर उसके शरीर पर कई बार कूदता नजर आता है. स्थानीय पत्रकार अभिजीत मजूमदार बताते हैं, ठपुलिस की टीम जब अतिक्रमण हटाने पहुंची तो गांव वाले लाठी लेकर उनके सामने डट गए थे. उन्होंने पुलिस पर पथराव भी किया. बाद में सैकड़ों लोग वहां आ गए और पुलिस वालों पर हमला कर दिया. उसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई शुरू की.ङ्ग स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस के अभियान के दौरान उस व्यक्ति की बेटी की बांह में फ्रैक्चर हो गया था. इसी से नाराज होकर उसने लाठी लेकर पुलिसवाले को दौड़ा लिया था. बाद में उसे गोली मार दी गई और लाठी से पीटा गया जिससे उसकी मौत हो गई. कैसे बढ़ा विवाद घटनास्थल पर मौजूद सुकुर अली बताते हैं, ठपुलिस वालों के मौके पर पहुंचने के बाद स्थानीय लोगों से उनकी कहासुनी हुई. विवाद बढ़ने पर गांव वालों ने पुलिस पर हमला कर दिया. उसके बाद पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और फिर फायरिंग की।

विशेष पुलिस महानिदेशक जी.पी.सिंह ने बताया, ठदरंग जिले की घटना में दो लोगों की मौके पर मौत हो गई और कम से कम आठ पुलिस वाले घायल हो गए. घायल पुलिसवालों में एक की हालत गंभीर है. उनको गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दाखिल कराया गया है.ङ्ग दरंग जिले के पुलिस अधीक्षक और मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के भाई सुशांत बिस्वा सरमा बताते हैं, ठहम अतिक्रमण हटाने के लिए मौके पर गए थे. लेकिन स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया. बाद में लोगों ने पथराव शुरू कर दिया. पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की।

# ब्रिटिश संसद में पाक ने अलापा कश्मीर का राग, भारत ने दिलाई 'तालिबान की याद'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ब्रिटिश संसद में कश्मीर का मुद्दा उठाने पर भारत ने पाकिस्तान को लताड़ लगाई। सर्वदलीय बहस के दौरान भारत ने 'कश्मीर में मानवाधिकार' के मुद्दे पर सांसदों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली भाषा पर भी कड़ी आपत्ति जताई। कश्मीर का राग अलापे जाने पर ब्रिटिश सांसदों ने भी पाकिस्तान को खरी-खोटी सुनाई और कहा कि पाकिस्तान वर्षों से तालिबान जैसे आतंकी संगठनों को सुरक्षा मुहैय्या करा रहा है।लंदन में भारतीय उच्चायोग के एक मंत्री ने कहा कि कश्मीर देश का एक अभिन्न अंग है। इससे संबंधित विषय पर किसी भी मंच में किए गए किसी भी दावे को तथ्यों के साथ प्रमाणित करने की आवश्यकता है। भारत सर्वदलीय बैठक में सांसदों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली भाषा से इत्तेफाक नहीं रखती। लंदन में भारतीय उच्चायोग के एक मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ इस्तेमाल किए गए शब्दों की भी निंदा की और फिर दोहराया कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है।



2002 गुजरात दंगों का हवाला देने वाले पाकिस्तानी मूल के सांसद नाज़ शाह की टिप्पणी का जिक्र करते हुए भारतीय उच्चायोग के मंत्री ने कहा, ठये दुख की बात है कि एक प्रतिष्ठित मंच के माध्यम से दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के निर्वाचित नेता के खिलाफ गलत शब्दों का इस्तेमाल किया गया।

बहस के दौरान ब्रिटेन की विपक्षी लेबर पार्टी के सांसद डेबी अब्राहम ने कहा कि चर्चा को किसी भी देश के ठसमर्थक या विरोधीठ के रूप में नहीं समझा जाना चाहिए, क्योंकि सांसद केवल मानवाधिकारों की रक्षा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा, ठकश्मीरियों को त्रिपक्षीय शांति निर्माण प्रक्रिया के केंद्र में होना चाहिए। इस सर्वदलीय बैठक में 20 से अधिक पार्टी सदस्यों ने भाग लिया। जिसमें सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी के सांसद बॉब ब्लैकमैन और थेरेसा विलियर्स ने भारतीय अदालतों और संस्थानों के पक्ष में बोला। ठमानवाधिकारों के हनन की ठीक से जांचठ करने पर उन्होंने कहा कि पिछले साल कश्मीर में हुए चुनाव सकारात्मक संकेत थे। विलियर्स ने कहा, ठएक लोकतंत्र के रूप में जहां धार्मिक अल्पसंख्यकों को पूर्ण संवैधानिक सुरक्षा प्राप्त है और कानून को बहुत महत्व देते हैं, मेरा मानना है कि भारत की अदालतें और संस्थान मानवाधिकारों के हनन की ठीक से जांच करने में सक्षम हैं। बहस के दौरान लेबर पार्टी के सांसद बैरी गार्डिनर ने पाकिस्तान की खिंचाई की और कहा कि पाकिस्तान प्रशासन ने आतंकी शिविरों को पनाह दी है। इतना ही नहीं अपने पड़ोसी मुल्क अफगानिस्तान में भी वह आतंकी गतिविधि कराने में संलिप्त है। उन्होंने कहा, ठवर्षों से, पाकिस्तान और आईएसआई तालिबान नेताओं को सुरक्षा सेवाएं दे रहा है, इसी तरह अन्य आतंकवादी संगठनों को भी कई प्रकार से अपना समर्थन दे रहा है।

## अब यूएसएकी शिकायत यूएन में करेगा तालिबान, ड्रोन स्ट्राइक को बनाया मुद्दा, अफगानी मंत्री बोले- मानवता के खिलाफ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तालिबान ने अब यूएस की शिकायत यूनाइटेड नेशन्स में करने का मन बनाया है। दरअसल काबुल एयरपोर्ट पर यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका का ड्रोन पिछले महीने 29 अगस्त को कहर बनकर बरपा था। तालिबान अब इसकी शिकायत यूएन में करना चाहता है। 29 अगस्त को अमेरिकी ड्रोन ने काबुल एयरपोर्ट पर कहर बरपाया था। इसमें 10 नागरिकों की मौत हो गई थी। जिसमें 7 बच्चे भी शामिल थे। हालांकि, पेंटागन की तरफ से हाल ही में बताया गया था कि अफगानिस्तान में 29 अगस्त को ड्रोन स्ट्राइक चूकवश हुआ था। 'एज्लूहग्ट' के साथ एक साक्षात्कार में तालिबान के सूचना उपमंत्री जबीउल्लाह मुजाहिद ने कहा कि काबुल एयरपोर्ट पर हुए हमले में आम नागरिकों की मौत हो गई। मृतकों में महिलाएं और बच्चे भी थें। यह न्याय का सवाल है। यह मानवता के खिलाफ है। हम जोर देकर मांग करते हैं इसपर ध्यान दिया जाए। हम यूएन और अन्य अथॉरिटी के सामने अपनी शिकायत दर्ज करवाएंगे।'

यूनाइटेड स्टेट्स मिलिट्री की जांच में यह बात सामने आई थी कि अगस्त में काबुल में एक गाड़ी को निशाना बनाया गया था। लेकिन यह गाड़ी खूंखार आतंकी संगठन आईएसआईएस-के से ताल्लुक नहीं रखती थी। यूएस सेंट्रल कमांड के शीर्ष जनरल फ्रैंक मैकनिजि ने पेंटागन में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यह भूलवश किया गया हमला था और हम इसके लिए माफी भी मांगते हैं। उन्होंने कहा, 'हमें लगा कि एयरपोर्ट पर हमारे सुरक्षा बलों को निशाना बनाया जा सकता है और फिर इसी अंदेशे के बीच वह ड्रोन स्ट्राइक हुआ। लेकिन यह गलती थी और मैं इसके लिए माफी मांगता हूं।' अमेरिकी अधिकारी ने इस चूक की पूरी जिम्मेदारी अपने सिर पर भी ली थी।

उस वक्त मिलिट्री ने दावा किया था कि सफेद रंग के एक ट्योटा सेडान में विस्फोटक रखे गये थे। इसे ड्रोन ने निशाना बनाया था। हालांकि, बाद में पता चला कि इसमें पानी के बोतल रखे गये थे। इसके अलावा दूसरा धमाका भीड़भाड़ वाले कंट्रीयार्ड में हुआ था, जिसके बारे में आशंका है कि वहां गैस टैंक ब्लास्ट हुआ था। बता दें कि अफगानिस्तान में बंदूक की नोंक पर सत्ता कब्जाने के बाद से तालिबान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी सरकार को मान्यता दिलाने की कोशिशों में लगा हुआ है। हालांकि, यूनाइटेड स्टेट्स और अन्य कई देशों ने अभी तालिबान की सरकार को मान्यता नहीं दी है।

## जर्मन चुनावः अंतिम टीवी डिबेट में भिड़े सभी उम्मीदवार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जर्मनी के सभी सात मुख्य दलों के उम्मीदवारों ने आखिरी टेलीविजन बहस में भाग लिया. यह बहस मतदान से तीन दिन पहले हुई. लेकिन अब भी चुनाव के नतीजों के बारे में कुछ भी साफ-साफ नहीं कहा जा सकता है.सभी प्रमुख जर्मन नेता गुरुवार शाम एक बहस में आखिरी बार भिड़े. इस विस्तृत बहस के दौरान कोई भी एक-दूसरे पर ढंग से वार नहीं कर सका. यह आखिरी मुकाबला पहले की बहसों से इस मायने में अलग रहा कि इसमें सात नेताओं को आमंत्रित किया गया था, जबकि पहले की बहसों में सिर्फ तीन मुख्य पार्टियों के नेताओं को आमंत्रित किया जाता था. इस बहस में चांसलर पद के उम्मीदवारों ग्रीन्स पार्टी की अनालेना बेयरबॉक, सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी (एसपीडी) के ओलाफ शॉल्त्स और क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक पार्टी (सीडीयू) के आर्मिन लाशेट के साथ फ्री डेमोक्रेटिक पार्टी(एफडीपी) के क्रिश्चियन लिंडनर, सीडीयू की बावेरियाई सहयोगी पार्टी सीएसयू के मार्कुस सोएडर, और अल्टरनेटिव फॉर जर्मनी (एएफडी) की एलिस वीडेल और लेफ्ट पार्टी की जेनीन वीजलर भी शामिल हुईं. खासकर सोएडर की उपस्थिति ने कुछ लोगों का ध्यान खींचा. इसे लेकर आलोचना भी हुई कि कंजर्वेटिव धड़ा लड़ाई के लिए दो लोगों को आगे भेज रहा है. सीएसयू नेता, जिन्होंने खुद को चांसलर उम्मीदवार के तौर पर सामने रखा, वे लाशेट की टीम में भी जुड़ सकते हैं, जिनका चुनावी अभियान अच्छा नहीं चल रहा है. यह बहस ऐसे समय में हुई जब अंतिम ओपिनियन पोल दिखा रहा है कि चुनाव के नतीजे काफी करीबी होंगे।

# कोविड के लिए आएगी नयी एंटीवायरल दवा, इंसानों पर ट्रायल जारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टीकों के प्रभावी होने के बावजूद हमें कोविड-19 का इलाज करने के लिए दवाइयों की आवश्यकता है। यहां तक कि टीके की दोनों खुराक लेने वाले लोगों के भी संक्रमण की चपेट में आने की थोड़ी आशंका होती है और वे मध्यम या गंभीर रूप से बीमार पड़ सकते हैं। कोविड-19 का इलाज करने के लिए दवाइयां हैं लेकिन उन्हें अस्पताल में देना होता है। बीमारी में कारगर होने वाली हमारी एक विश्वसनीय मोल्नुपिराविर नाम की एंटी वायरल दवा है जिसका मनुष्यों में इस्तेमाल का अंतिम चरण का परीक्षण किया जा रहा है। अनुसंधानकर्ता उम्मीद कर रहे हैं कि इसका इस्तेमाल संक्रमण का इलाज करने और उसे रोकने दोनों में किया जा सकता है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि इसे गोली के तौर पर लिया जा सकता है। यानी लोगों को यह लेने के लिए अस्पताल में भर्ती नहीं होना पड़ेगा। यह दवा सार्स-सीओवी-2 की क्षमता कम कर देती है जो कोरोना वायरस के लिए जिम्मेदार वायरस है। यह वायरस की आनुवंशिक सामग्री के निर्माण खंडों में से एक की नकल करके असर करती है। जब वायरस दोबारा पैदा होता है तो यह अपने राइबोन्यूक्लिक एसिड (आरएनए) की नयी प्रति बनाती है और अंत में दवा इसमें मिल जाती है।

अभी तक कोविड-19 के 202 मरीजों में मोल्नुपिराविर के असर पर छोटा सा ट्रायल किया गया है। ये ऐसे मरीज थे जिनमें लक्षण दिखने शुरू हुए थे और अस्पताल में भर्ती नहीं हुए थे। परीक्षण में भाग लेने वाले लोगों में से किसी को मोल्नुपिराविर दिया गया तो किसी को प्लेसेबो दिया गया। परीक्षण के नतीजे एक प्रीप्रिंट के तौर पर प्रकाशित किए गए यानी अन्य वैज्ञानिकों ने अभी औपचारिक रूप से उनकी समीक्षा नहीं की है। परीक्षण से पता चलता है कि तीन दिन तक इलाज के बाद संक्रामक सार्स-सीओवी-2 वायरस उन लोगों में कम पाया गया जिन्होंने प्लेसेबो (17 प्रतिशत) के मुकाबले मोल्नुपिराविर की 800 मिलीग्राम (2 प्रतिशत) ली थी।

पांचवें दिन तक उन लोगों में वायरस नहीं मिला जिन्होंने मोल्नुपिराविर की 400 मिलीग्राम या



800 मिलीग्राम दवा ली थी लेकिन प्लेसेबो लेने वाले लोगों में वायरस 11 प्रतिशत तक पाया गया। इस परीक्षण से यह पता चलता है कि मोल्नुपिराविर कोविड-19 के हल्के लक्षण वाले मरीजों में संक्रामक सार्स-सीओवी-2 खत्म कर सकती है। यह न केवल कोरोना वायरस के इलाज में बल्कि उसके फैलने का खतरा भी कम कर सकती है। अब इस दवा का 1,850 लोगों के साथ बड़ा ट्रायल किया जा रहा है। अगर इन ट्रायल में यह अच्छा प्रदर्शन करती है तो इसका असर बड़ा हो सकता है। सार्स-सीओवी-2 से गंभीर रूप से बीमार पड़ने के मद्देनजर यह एंटीवायरल दवा कीमती हथियार साबित हो सकती है। एंटीवायरल दवाएं बनाने में लंबा वक्त लगता है। महामारी के 18 महीनों में मोल्नुपिराविर के उपलब्ध होने की वजह यह है कि इसे खासतौर से कोरोना वायरस के इलाज के लिए विकसित नहीं किया गया। यह विभिन्न प्रकार के वायरस के खिलाफ काम कर सकती है। इसे अमेरिका के एमरी विश्वविद्यालय में 2013 में बनाना शुरू किया गया था। तब एक्विन इंसेफेलाइटिस संक्रमण के इलाज के लिए इस एंटीवायरल दवा की तलाश शुरू हुई। यह बीमारी अमेरिका में मनुष्यों और जानवरों के लिए बड़ा खतरा है।

व्यापक जांच से यह पुष्टि हुई कि यह दवा आरएनए वायरसों को फिर से होने से रोक सकती है जिसमें इन्फ्लूएंजा वायरस, कई कोरोना वायरस और रेस्पिरेटरी सिनसिटियल वायरस भी शामिल है।शुरुआत में मोल्नुपिराविर के निर्माताओं ने मौसमी इन्फ्लुएंजा के इलाज के तौर पर मनुष्यों में इसकी जांच की अनुमति के लिए अमेरिका के खाद्य एवं दवा प्रशासन के पास आवेदन किया। हालांकि कोविड-19 महामारी फैलने और सार्स-सीओवी-2 के खिलाफ इसका असर होते दिखने के बाद इस वायरस के खिलाफ भी इसकी जांच का अनुरोध किया गया। हो सकता है कि किसी दिन विभिन्न बीमारियों के इलाज में इसका इस्तेमाल किया जाए।

**अंखड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

स्वामी श्री योगी सत्यम पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

आरएनआई नं. UPHIN 2001/9025